रोहतक
रविवार, 9 नवंबर, 2025
मार्गशीर्ष मास कृष्ण पक्ष, चतुर्थी, वर्ष : 29, अंक : 280
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 29.0
न्यून. 7.6

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




07 अभिषेक ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड, सबसे तेज पूरे किए 1 हजार रन, बने दुनिया के पहले बल्लेबाज

## खबर संक्षेप

### भारतीय एनजीओ को मिला मैग्सेसे पुरस्कार

**मनीला।** भारत की गैर-लाभकारी संस्था (एनजीओ) 'एजुकेट गर्ल्स' को प्रतिष्ठित रेमन मैग्सेसे सम्मान मिला है। संस्था ने यह सम्मान उन हजारों क्षेत्रीय समन्वयकों, स्वयंसेवकों और युवा मार्गदर्शकों को समर्पित किया है, जिन्होंने देश की लाखों लड़कियों को स्कूल वापस लाने में मदद की है। इस पुरस्कार की घोषणा 31 अगस्त को की गई थी। फिलीपींस की राजधानी में शुक्रवार को यह पुरस्कार प्रदान किया गया। संस्था की स्थापना साल 2007 में हुई। *एजेंसी*

### संसद का शीतकालीन सत्र 1 से 19 दिसंबर तक



**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने शनिवार को घोषणा की कि संसद का शीतकालीन सत्र एक से 19 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। विपक्ष ने इसे बहुत देर से बुलाया गया और संक्षिप्त सत्र बताया। तीन सप्ताह के इस सत्र में कुल 15 बैठकें होंगी और इसके हंगामेदार रहने की उम्मीद है, क्योंकि यह सत्र निर्वाचन आयोग द्वारा 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को अंजाम दिए जाने के बीच हो रहा है। *एजेंसी*

कुछ कफ सिरप में अधिक मात्रा में मिला **डायएथिलीन ग्लाइकॉल**

*स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, कफ सिरप पर कड़ी निगरानी रखने और सैंपल लेने के दिए निर्देश*

मध्यप्रदेश में कोल्ड्रिफ कफ सिरप से हुई थी 17 बच्चों की मौत

# मध्यप्रदेश में कहर बरपाने वाले बच्चों के कफ सिरप को लेकर प्रदेश में चेतावनी



*स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने तत्काल बिक्री और उपयोग पर रोक लगाई*

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** मध्यप्रदेश में कहर बरपाने के बाद अब हरियाणा में कफ सिरप को लेकर चेतावनी जारी की गई है। फूड एंड ड्रग्स विभाग को कुछ कफ सिरप में अधिक मात्रा में डायएथिलीन ग्लाइकॉल (डीईजी) मिला है। यह एक ऐसा कम्पाउंड है, जिसे ज्यादा मात्रा में लेने से किडनी और फेफड़ों को नुकसान पहुंचता है और इससे मौत भी हो सकती है। स्वास्थ्य मंत्री ने आरती राव ने डायएथिलीन ग्लाइकॉल की अधिक मात्रा वाले कफ सिरप पर कड़ी निगरानी रखने और उनके सैंपल लेने के निर्देश दिए हैं। यदि किसी मेडिकल स्टोर पर यह मिलावटी सिरप बिक्री के लिए पाया जाता है, तो उसे तुरंत जब्त कर लिया जाएगा। यहां बता दें कि मध्य प्रदेश में कोल्ड्रिफ कफ सिरप के इस्तेमाल से 17 बच्चों की मौत हुई थी। इसके बाद पंजाब सरकार ने इसकी बिक्री और उपयोग पर रोक लगा दी थी। अब हरियाणा सरकार भी कफ सिरप की जांच करा रही है।

स्वास्थ्य मंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे प्लानोंकुफ डी कफ सिरप का उपयोग न करें, क्योंकि इस दवा में डायएथिलीन ग्लाइकॉल नामक रासायनिक की मात्रा तय सीमा से अधिक पाई गई है।

**स्वास्थ्य मंत्री बोलीं, जनता की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता**



- यह रासायनिक तत्व शरीर को हानि पहुंचाने वाला, गुर्दे खराब करने और तंत्रिका तंत्र में विकार लाता है।
- किडनी को भी हो सकता है नुकसान ज्यादा मात्रा से मौत भी हो सकती है बच्चों के लिए ज्यादा घातक
- उल्टी, पेट दर्द की समस्या और लीवर खराब जैसी समस्याएं हो सकती हैं खाने में मिलने पर बढ़ाता है समस्या

> अस्पताल और डॉक्टर इन दवाओं का वितरण व उपयोग रोकें

## अब पढ़िए क्या है डायएथिलीन ग्लाइकॉल

डायएथिलीन ग्लाइकॉल (डीईजी) एक तरह का लिक्विड है जो रंगहीन और मीठा होता है। इसका इस्तेमाल कारखानों में कई चीजों को बनाने में होता है, जैसे कि एंटीफ्रीज और प्लास्टिक। लेकिन यह इंसानों के लिए बहुत खतरनाक है। अगर यह गलती से भी खाने या दवा में मिल जाए, तो उल्टी, पेट दर्द, किडनी और लीवर खराब होने जैसी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं, और यहां तक कि मौत भी हो सकती है। इसलिए, इसका इस्तेमाल खाने-पीने की चीजों और दवाओं में नहीं किया जाता, और इससे काम करते समय बहुत सावधानी बरतनी पड़ती है।

### अत्यंत विषैली और घातक

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने राज्यवासियों से अपील की है कि वे प्लानोंकुफ डी कफ सिरप का उपयोग न करें, क्योंकि इस दवा में डायएथिलीन ग्लाइकॉल (डीईजी) नामक रासायनिक की मात्रा तय सीमा से ज्यादा पाई गई है, जो मानव शरीर के लिए अत्यंत विषैली और घातक सिद्ध हो सकती है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) गुवाहाटी से प्राप्त आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार उक्त सिरप के कुछ बैचों में डायएथिलीन ग्लाइकॉल की मात्रा अनुमेय सीमा से अधिक पाई गई है। यह रासायनिक तत्व गंभीर स्वास्थ्य हानि पहुंचाने वाला है, जिससे गुर्दों की विफलता, तंत्रिका तंत्र में विकार और यहां तक कि मृत्यु तक की संभावना उत्पन्न हो सकती है।

### इन कफ सिरप में मिली गड़बड़ी

फूड एंड ड्रग्स विभाग के अनुसार, गड़बड़ी वाले कफ सिरप में प्लैनोकुफ डी- सेटिरिजिन हाइड्रोक्लोराइड, फिनाइलेफ्राइन हाइड्रोक्लोराइड और डेक्सट्रोमेथोर्फन हाइड्रोब्रोमाइड सिरप शामिल हैं। इन सिरपों का बैच नंबर R25053101 है, और इनका निर्माण मेसर्स श्रेया लाइफसाइंसेज प्राइवेट लिमिटेड, रायपुर द्वारा किया गया है।

### बाजार से हटाने के निर्देश

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा की जनता की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसलिए स्वास्थ्य विभाग ने इस खतरनाक सिरप के सभी बैचों को तुरंत बाजार से हटाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही दवा विक्रेताओं, वितरकों, अस्पतालों और डॉक्टरों से अनुरोध किया गया है कि वे इन बैचों को किसी भी स्थिति में न बेचें, न वितरित करें और न ही उपयोग करें। आरती सिंह राव ने नागरिकों से आग्रह किया कि वे अपने घरों में मौजूद दवाइयों की जांच करें और यदि प्लानोंकुफ डी सिरप का यह बैच मौजूद हो तो उसे तुरंत उपयोग में न लाएं तथा नजदीकी स्वास्थ्य विभाग अथवा दवा नियंत्रण अधिकारी को इसकी सूचना दें।

सोनीपत के बरोदा गांव के रहने वाले...

# हरिद्वार जाते समय कैंटर में घुसी कार, 4 दोस्तों की मौत



तेज रफ्तार ने ली जान खड़े कैंटर में भिड़ी कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत से हरिद्वार जा रहे बरोदा गांव के 4 दोस्तों की कार शुक्रवार देर रात उत्तर प्रदेश के शामली जिले में हादसे का शिकार हो गई। पानीपत-खटीमा हाईवे पर हुए इस भीषण हादसे में चार युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि ड्राइवर उसे कंट्रोल नहीं कर सका। इसी के चलते स्विफ्ट कार एक रेस्टोरेंट के बाहर खड़े कैंटर में जा घुसी और कार का अगला हिस्सा पूरी तरह पिचक गया। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद कार से शव निकाले। मृतक सोनीपत जिले के बरोदा गांव के हैं।

### शामली में हादसा

गांव बरोदा मोर का साहिल गांव के ही दोस्त विवेक, परम और आशीष के साथ स्विफ्ट कार में शुक्रवार रात को हरिद्वार में गंगा स्नान करने के लिए जा रहे थे। शुक्रवार देर रात को वे उत्तरप्रदेश के शामली में बाबरी थाना क्षेत्र में पानीपत-खटीमा हाईवे पर पहुंचे तो कार रेस्तरां के बाहर खड़े कैंटर से टकरा गई। हादसे में चारों की मौके पर ही मौत हो गई। 24 वर्ष का परम खेती करता था और वह दोनों बहनों का भाई था। 22 वर्ष का साहिल परिवार का इकलौता वारिस था। वह लगभग तीन वर्ष पहले डाक विभाग में नौकरी लगा था और मोई माजरी में ड्यूटी थी। 24 वर्ष के आशीष का शादी के लिए रिश्ता तय हो चुका था। दिसंबर 2025 में उसकी शादी होनी थी। विवेक कालेज में बीए की पढ़ाई कर रहा था जबकि उसका बड़ा भाई राहुल बीए पास कर चुका है। हादसे के बाद गांव में मातम पसर गया।

### तीन अपने परिवार के इकलौते बेटे

हादसे में मरने वालों में एक युवक की 9 नवंबर को शादी होनी थी। जबकि एक युवक की 4 दिसंबर को शादी होनी थी। चारों में से तीन अपने परिवार के इकलौते बेटे थे। चारों ने अचानक गंगा स्नान का प्लान बनाया और कार में सवार होकर निकल पड़े। शुक्रवार देर रात करीब 11 बजे जब कार बुटराड़ा फ्लाईओवर पार कर रही था, तभी रेस्टोरेंट के बाहर खड़े कैंटर में उसकी कार जा टकराई। हादसा इतना भयानक था कि कार पूरी तरह पिचक गई। वहीं, कैंटर के भी पहिए निकल गए। पुलिस ने बड़ी मशक्कत के बाद कार में फंसे चारों युवकों की लाशों को खींचकर बाहर निकाला।

पंजाब के फिरोजपुर कैंट से दिल्ली जंक्शन के बीच चलेगी

# यात्रियों को सौगात, नई वंदे भारत मिली अंबाला कैंट, कुरुक्षेत्र और पानीपत में रुकेगी

**अंबाला (हरिभूमि न्यूज)।** प्रदेश के यात्रियों को शनिवार को एक नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के रूप में बड़ी सौगात मिली। यह ट्रेन पंजाब में फिरोजपुर कैंट से दिल्ली जंक्शन के बीच चलेगी। यह हरियाणा के 3 प्रमुख रेलवे स्टेशनों अंबाला कैंट, कुरुक्षेत्र और पानीपत पर रुकेगी। ट्रेन का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी में हुए कार्यक्रम में उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद पंजाब के फिरोजपुर कैंट से रवाना की गई ट्रेन हरियाणा के अंबाला कैंट स्टेशन पर एक घंटा देरी से पहुंची। यहां परिवहन मंत्री अनिल विज ने ट्रेन का स्वागत किया। इसके बाद ट्रेन कुरुक्षेत्र होते हुए पानीपत पहुंची। यहां शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने वंदे भारत का स्वागत किया। इससे पहले हरियाणा में चलने वाली वंदे भारत ट्रेनें मुख्य रूप से अंबाला तक ही सीमित थीं, लेकिन अब यात्रियों को और अधिक सुविधा मिलेगी।

*(संबंधित खबर पेज-5 पर पढ़े)*



अनंतनाग में ट्रेन रोकी

## चलती ट्रेन से टकराई चील से विंडस्क्रीन टूटी, चालक घायल



**अनंतनाग (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर में चलती हुई ट्रेन से एक चील टकरा गई। इससे ट्रेन के इंजन का शीशा टूट गया। इससे लोकोपायलट विशाल घायल हो गया। बारामूला से बनिहाल जा रही उत्तर रेलवे की ट्रेन संख्या 74626 से शनिवार सुबह बिजबेहरा और अनंतनाग रेलवे स्टेशनों के बीच एक पक्षी टकरा गया। घायल लोको पायलट को अनंतनाग रेलवे स्टेशन पर प्राथमिक उपचार दिया गया और उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटनास्थल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

घुसपैठ की कोशिश नाकाम

## कश्मीर के कुपवाड़ा में सेना ने मुठभेड़ में 2 आतंकी मारे



**कुपवाड़ा (एजेंसी)।** कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में एक बार फिर पाकिस्तान की घुसपैठ की कोशिश को भारतीय सेना ने नाकाम कर दिया है। सेना के अधिकारियों ने बताया कि लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) के केरन सेक्टर में 7 नवंबर को देर रात आतंकवादियों के एक ग्रुप ने अंधेरे का फायदा उठाकर घुसपैठ की कोशिश की, लेकिन सतर्क जवानों ने जवाबी कार्रवाई में दो आतंकवादियों को ढेर कर दिया। 3 अन्य घुसपैठिए या तो पाकिस्तान की ओर लौट गए या इलाके में छिपे हो सकते हैं।

सिटी लाइफ इंडेक्स 2025 जारी

## एशिया का सबसे खुशहाल शहर बना भारत का मुंबई



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टाइम आउट के सिटी लाइफ इंडेक्स 2025 में दुनिया भर के 18,000 से ज्यादा लोगों से पूछा गया कि वे अपने शहरों में कितने खुश हैं। इस सर्वे में शामिल लोगों ने अपने शहरों को उनकी कल्चर, नाइटलाइफ, फूड, लाइफस्टाइल और पांच बातों के आधार पर रेटिंग दी, जैसे कि क्या उनका शहर उन्हें खुश रखता है और क्या स्थानीय लोग सकारात्मक हैं। मुंबई को साल 2025 में एशिया का सबसे खुशहाल शहर घोषित किया गया है। 94 फीसदी का कहना है कि उनका शहर उन्हें खुश रखता है।

*रेवाड़ी में पीएनबी को बनाया निशाना, प्लान चौपट*

*नशे की हालत में की वारदात, मौके पर पहुंची पुलिस*

# सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने 24 लाख चुराने के लिए तोड़ी एटीएम, खुद अंदर ही फंस गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गढ़ी गांव में शुक्रवार- शनिवार रात करीब 1 बजे युवक ने पीएनबी बैंक की एटीएम मशीन तोड़ दी। उसने छैनी- हथोड़ा लेकर एटीएम में एंट्री ली। अकेले ही शटर का ताला भी तोड़ा। इसके बाद पैसे चोरी करने के लिए एटीएम मशीन को भी तोड़ दिया। हालांकि उसका सारा प्लान चोपट हो गया। वह एटीएम से बाहर ही नहीं निकल पाया। सुबह साढ़े 5 बजे के करीब लोग टहलने के लिए निकले तो उन्हें एटीएम का ताला टूटा मिला। गढ़ी बोलनी पुलिस चौकी को सूचना मिली थी कि पीएनबी के एटीएम में कोई व्यक्ति घुसा हुआ है। सूचना मिलने के बाद पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने एटीएम का शटर बाहर से बंद कर दिया। मैनेजर के पहुंचने के बाद पुलिस ने एटीएम बूथ में बंद युवक को बाहर निकाला गया।



### चोरी के लिए औजार जुटाए

एटीएम मशीन में करीब 24 लाख रुपए थे। इंजीनियर के पास से प्लास, चाबी पाने सहित कई उपकरण बरामद हुए। इंजीनियर हेमंत कुमार (35) ने एटीएम में चोरी करने के लिए एटीएम मशीन तोड़ दी। इंजीनियर पास के ही गांव पिथनवास का रहने वाला है। पत्नी के साथ चंडीगढ़ में ही रहता है। करीब 3-4 दिन पहले ही गांव आया था। उसकी पत्नी चंडीगढ़ में शिक्षिका के पद पर कार्यरत है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नशे का आदी है। उसने पास की एक वेल्डिंग की दुकान से शटर तोड़ने के लिए औजार लिए थे।

**आवाजें आई तो पकड़ा गया**

गढ़ी गांव के सरपंच का कहना है कि एटीएम के अंदर से कुछ आवाज आ रही थी। ताला टूटा देखा तो पुलिस को इसकी सूचना दी। इंजीनियर एटीएम का शटर नीचे गिराकर ही मशीन से रुपए चोरी करने की कोशिश कर रहा था। पुलिस शिकायत में बैंक मैनेजर ने बताया कि आरोपी ने एटीएम बूथ में घुसने के बाद सीसीटीवी कैमरे को क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके बाद वह छीनी और हथोड़ी से एटीएम मशीन तोड़कर चोरी कर प्रयास कर रहा था।



## खबर संक्षेप



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को अपने सरकारी आवास संत कबीर कुटीर में प्रदेश भर से आए लोगों की समस्याएं सुनीं।

### तीन सूचना व जनसंपर्क अधिकारी स्थानांतरित

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने तुरंत प्रभाव से सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग के तीन सूचना, जन सम्पर्क अधिकारियों के स्थानांतरण एवं नियुक्ति आदेश जारी किए हैं। राजेश कुमार को प्रेस शाखा (मुख्यालय), मनोज को हरियाणा भवन, नई दिल्ली तथा सत्यवान को जिला सूचना, जन सम्पर्क अधिकारी, करनाल का कार्यभार सौंपा गया है।

### व्हीट इन ट्रांसफॉर्मेशन सेमिनार संपन्न

**चंडीगढ़।** हयात रीजेंसी में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार 'व्हीट इन ट्रांसफॉर्मेशन' का समापन शनिवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस सेमिनार ने गेहूं उद्योग से जुड़े विशेषज्ञों, नीति-निर्माताओं, मिलर्स, शोधकर्ताओं और तकनीकी विशेषज्ञों को एक साझा मंच पर छोड़ते हुए भारत के गेहूं क्षेत्र को इनोवेशन और सहयोग के माध्यम से आगे बढ़ाने की एकजुट दृष्टि को दोहराया। यह आयोजन व्हीट प्रोडक्ट्स प्रमोशन सोसाइटी (डब्ल्यूपीपीएस) द्वारा रोलर फ्लोर मिलर्स एसोसिएशन ऑफ पंजाब (आरएफएमएपी) के सहयोग से किया गया।

### बागवानी के लिए अनुदान दे रही सरकार

**चंडीगढ़।** सरकार किसानों को बागवानी फसलों की खेती के लिए नए प्रावधान कर रही है। इसके लिए किसानों को बागवानी, फलों, सब्जियों फूलों और मसालों की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।उद्यान विभाग के एक प्रवक्ता ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि बागवानी खेती में फलों के नए बाग लगाना, सब्जियों की खेती एकीकृत मॉडल के साथ करना, फलों की खेती, मसालों की खेती तथा खुशबूदार पौधों की खेती करना जैसे मद शामिल हैं।

### कार्यशाला में भाजपा नेताओं ने किया मंथन

**चंडीगढ़।** भाजपा की पानीपत में शनिवार को भाजपा कार्यालय श्याम कमल में बीएलए-1 की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला हुई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली की अध्यक्षता में हुई कार्यशाला में मंत्री कृष्ण बेदी, मंत्री कृष्ण लाल पंवार, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, डा. अर्चना गुप्ता सहित तमाम नेता मौजूद रहे। सभी नेताओं की उपस्थिति में बीएलए-1 को प्रजेंटेशन के माध्यम से कार्यों के बारे में समझाया गया। वंदे मातरम, आत्मनिर्भर भारत, रन फॉर यूनिटी कार्यक्रमों की समीक्षा और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। कार्यशाला में डा. अर्चना गुप्ता ने प्रजेंटेशन के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी। अन्य नेता भी मौजूद रहे।

# कांग्रेस को हार का पहले से आभास, बिहार में एनडीए ही आएगा : कैप्टन अभिमन्यु

■ पूर्व वित्तमंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता बोले-चुनाव के बीच में मैदान छोड़कर भाग रहे कांग्रेसी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के पूर्व वित्तमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता कैप्टन अभिमन्यु का कहना है कि कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को बिहार चुनावों में हार का अंदाजा हो गया है कि बिहार के चुनाव परिणाम एनडीए के पक्ष में एक तरफा जा रहे हैं। उन्हें हार के बारे में जो भी दोषारोपण करना था, उन्होंने यह काम समय से पहले कर दिया है। जब जनता के बीच में रहने का वक्त है, उस वक्त कांग्रेस के दिये तले अंधेरा हो गया है।

**भाजपा ने हमेशा जनमत का सम्मान किया, इसलिए दुनिया का सबसे बड़ा संगठन बनकर उभरा**

पूर्व वित्त मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता कैप्टन अभिमन्यु चंडीगढ़ में इलेक्ट्रानिक मीडिया द्वारा पूछे जा रहे सवालों का जवाब दे रहे थे। चुनाव परिणामों के पहले ही कांग्रेस ने हार स्वीकार कर ली है, जनता भी इस बात को समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के अंदर इस तरह के लोग बैठे हुए हैं, जो कांग्रेस के आरोपों की पोल खोल देते हैं। कांग्रेस के अंदर वरिष्ठ नेता ही खुद कांग्रेस छोड़ते वक्त बोल चुके हैं कि कांग्रेस के दिये तले अंधेरा है। कांग्रेस ने अतीत में भी इस देश की राजनीति में परिवारवाद का जहर घोलने का काम किया है, हरियाणा प्रदेश में लोगों ने स्याही पैन बदलते हुए देखा है। कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशियों को हराने का काम खुद की पार्टी के लोग करते हैं। वोटों के सौदागर सबसे ज्यादा कांग्रेस के अंदर हैं। उन्होंने एक सवाल के उत्तर में कहा कि हमने हमेशा ही जनमत का सम्मान किया है, जनता ने जो भी फैसला दिया है, उस फैसले को दिल से हमने स्वीकार किया है। भाजपा उसके बल पर ही आज विश्व में सबसे बड़ा संगठन बनकर उभरा है।

### भूपेंद्र हुड्डा के गड़बड़ी के आरोपों पर बोले- जनता सबकुछ समझती है



नेता विपक्ष और पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा द्वारा हरियाणा में भी गड़बड़ी के आरोपों पर कहा कि प्रदेश की जनता सब कुछ समझती है, खुद को वकील बताने वाले लोगों को बेवकूफ समझते हैं। अगर हुड्डा आज गड़बड़ी की बात कर रहे हैं, फिर वे अदालत क्यों नहीं गए,कोई शिकायत क्यों नहीं की,उन्हें देश के संविधान और न्याय व्यवस्था में भरोसा है, तो जाना चाहिए था, वे इसलिए नहीं गए क्योंकि उनमें नैतिक बल नहीं है।

### भाजपा अपने संकल्प पत्र के वादे पूरे कर रही : कैप्टन

पूर्व वित्त मंत्री ने कहा कि गत 11 साल में विस की सारी बहस को सुना है। इसके साथ ही जनता के बीच में रहकर महसूस किया है कि विपक्ष पूरी तरह से नदारद है, विपक्ष अपनी भूमिका नहीं निभा रहा है। विपक्ष कुछ लोगों के मुद्दों और आंदोलन का सहारा लेकर सवारी करने में जुटा है। केवल बयानबाजी और बिना तथ्यों के दावे करते हैं। जनता के बीच में उनके भाषण और पीसी में भी सत्य नहीं बोलते अगर कुछ साक्ष्य, तथ्य दें, तो सरकार उसमें बदलाव कर बेहतरी का कदम उठा सकती है। उनके कोई मुद्दे जनहित के नहीं बल्कि अपने परिवार को आगे बढ़ाने के हैं। जनता यह जानती है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बढ़िया काम कर रहे हैं, सहज और सुलभ उपलब्ध हैं। प्रदेश में इस तरह का माहौल कभी नहीं रहा।

### आज कांग्रेस के कार्यकाल से बेहतर कानून व्यवस्था

*पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि सरकार की ओर से अपराधियों को संरक्षण नहीं है, जैसा कि पूर्व की सरकारों में हुआ करता था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल से आज बेहतर कानून व्यवस्था है। कांग्रेस कार्यकाल में गैंगस्टर कल्चर को संरक्षण दिया जाता था। मानेसर जमीन लैंड को लेकर उन्होंने कहा कि न्यायालय की व्यवस्था पर सवाल उठाने वाले हुड्डा की शब्दावली संकेत कर रही है कि वे कानून के शिकंजे में खुद को असहज मान रहे हैं।*

***वाईपूर्ण कुमार और एएसआई का विषय बेहद ही कष्ट दायक :*** *पूर्व मंत्री और भाजपा नेता ने कहा कि पूरा मुद्दा बहुत ही कष्टपूर्ण है, हरियाणा पुलिस और चंडीगढ़ पुलिस की एसआईटी पूरे मामले में जांच करने में लगी हुई है। वर्दी पहनने वाले कर्मचारी और अधिकारियों का विवेक इतना मजबूत होना चाहिए ताकि कठिन से कठिन परिस्थितियों को झेल सकें। उनका जाना वास्तव में पीड़ादायक है, उनके परिवार के साथ में मेरी संवेदनाएं हैं।*

सिरसा के रोड़ी से शुरू हुई 'हिंद की चादर' गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी वर्ष की पवित्र यात्रा

# तप, त्याग, विचार व धर्म की रक्षा के लिए दिया सर्वोच्च बलिदान

**गुरु तेग बहादुर पूरे विश्व के मानवाधिकारों के प्रथम महानायक**





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

'हिंद की चादर' गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी वर्ष के मौके पर पवित्र यात्रा का शुभारंभ शनिवार को सिरसा के रोड़ी की पावन भूमि से किया गया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की मौजूदगी में गुरुद्वारा गुरुसर साहिब पातशाही दसवीं में अरदास का कार्यक्रम हुआ। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पवित्र गुरुग्रंथ साहिब के समक्ष अरदास करते हुए प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस मौके पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु तेग बहादुर केवल सिखों अथवा भारत के ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व के मानवाधिकारों के प्रथम महानायक हैं। यह यात्रा गुरु जी के तप, त्याग, विचार और धर्म की रक्षा के लिए दिए गए सर्वोच्च बलिदान को जन-जन तक पहुंचाने का एक महाअभियान है।

### शहीदी वर्ष में प्रदेश में चार पवित्र यात्राएं निकाली जाएंगी

उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी वर्ष के उपलक्ष्य में प्रदेश में चार पवित्र यात्राएं निकाली जाएंगी। ये यात्राएं पूरे हरियाणा को कवर करेंगी और 24 नवंबर को कुरुक्षेत्र में इनका समापन होगा। उसी दिन वहां सर्व धर्म सम्मेलन भी आयोजित किया जाएगा। अगले दिन 25 नवंबर को श्री गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस पर कुरुक्षेत्र में महा समागम का आयोजन होगा। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

### गुरु तेग बहादुर का हरियाणा की पावन धरा से गहरा संबंध रहा : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु तेग बहादुर का हरियाणा की पावन धरा से का गहरा संबंध रहा है। 1665 में सिख धर्म के मुख्यालय को धमतान, परगना जींद, बांगर देश (अब हरियाणा) में स्थानांतरित किया था। इस निर्णय का कारण यह था कि इस क्षेत्र को सीधे दक्षिण में लोहगढ़ से जोड़ा गया था। इसी तरह 1665 में, श्री गुरु तेग बहादुर साहिब ने बांगर देस से लोहगढ़ की यात्रा की। वे जींद, कैथल, चीका, कराह, सियाना सईदा और फिर पिहोवा गए, जहां उन्होंने सिख संगत से मुलाकात की। इसके बाद फिर गुरु साहिब जिला कुरुक्षेत्र के गाँव बारना रवाना हुए, जहां मनसद भाई सुधा ने उनका अभिवादन किया। इसी तरह थानेसर, लाडवा, यमुनानगर क्षेत्र में भी उनका जाना हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी का 350वां कार्यक्रम के दौरान हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार जगदीश सिंह झींडा, कुलदीप सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

### अर्बन डेवलपमेंट व मोबिलिटी कार्यक्रम शहरी विकास का समेकित मॉडलः मुख्यमंत्री



**गुरुग्राम।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अर्बन डेवलपमेंट व मोबिलिटी कार्यक्रम शहरी विकास का एक समेकित मॉडल तैयार करता है। समेकित मॉडल ही एक मजबूत शहर का निर्माण करता है जिसके साथ ही मजबूत राष्ट्र निर्माण की दिशा में हम निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। इस प्रकार के सम्मेलन जहां नवाचार पद्धति के साथ बेहतर सुविधाएं प्रदान करने की योजनाओं के क्रियान्वयन में कारगर हैं वहीं विजन 2047 में विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर बनाने में भी अहम है। मुख्यमंत्री शनिवार को गुरुग्राम में आयोजित 18वें अर्बन मोबिलिटी इंडिया सम्मेलन में विभिन्न राज्यों से आए प्रतिनिधिगण को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने परिसर में लगी शहरी विकास और गतिशीलता को दर्शाती विकासात्मक प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री ने देश भर से आए प्रतिनिधिगण का स्वागत करते हुए कहा कि यह गर्व और गौरव का विषय है कि हरियाणा को पहली बार इस राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी करने का अवसर मिला है। वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय आवासन एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त करते हैं।

**ऑपरेशन ट्रैकडाउन : पुलिस के हाथ लगी बड़ी कामयाबी**

# दो दिन में 56 कुख्यात बदमाशों पर शिकंजा

**पुलिस ने अन्य 602 आरोपियों को भी गिरफ्तार किया : डीजीपी**



**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस के राज्यव्यापी अभियान 'ऑपरेशन ट्रैकडाउन' की धमाकेदार शुरुआत हो चुकी है। 5 से 20 नवंबर तक चलने वाले इस ऑपरेशन के पहले ही दो दिनों में पुलिस ने कार्रवाई का जोरदार प्रदर्शन करते हुए कुल 56 कुख्यात वांछित अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि 602 अन्य आरोपियों की भी गिरफ्तारी की गई है। इस तरह कुल मिलाकर 602 अपराधी पुलिस के शिकंजे में आ चुके हैं। ऑपरेशन की शुरुआत 5 नवंबर को हुई, जब एक ही दिन में 32 अपराधियों की गिरफ्तारी की गई। अगले दिन यानी 6 नवंबर को 24 और कुख्यात अपराधी धर दबोचे गए जबकि 252 अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की गई। इन दो दिनों में 9 हिस्ट्रीशीट भी खोली गईं, जिससे ऐसे अपराधियों के आपराधिक रिकॉर्ड को अपडेट करने के साथ-साथ भविष्य में उनकी जमानत रद्द करवाने की प्रक्रिया तेज़ हो सकेगी।

**पुलिस ने 9 अपराधियों की हिस्ट्रीशीट भी खोली**

### एसटीएफ की हिट लिस्ट में प्रदेश के 20 सबसे ज्यादा बड़े क्रिमिनल

अभियान में थाना, जिला और राज्य स्तर पर अपराधियों के खिलाफ रणनीतिक कार्रवाई की जा रही है। हर थाना अपने क्षेत्र के पांच सबसे कुख्यात अपराधियों को निशाने पर रखे हुए है, जबकि हर जिले की टीम अपने दस टॉप मोस्ट अपराधियों को गिरफ्तार करने पर केंद्रित है। इसी तरह एसटीएफ ने राज्यभर के बीस सबसे खतरनाक अपराधियों की सूची बनाई है, जिन पर सख़्त से सख़्त कार्रवाई की जा रही है।

## महिला हेल्पलाइन पर रिस्पॉन्स दर बेहद चिंताजनक : सैलजा

**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा महिला हेल्पलाइन 181 पर हरियाणा पुलिस की केवल 5.2 प्रतिशत रिस्पॉन्स दर को बेहद चिंताजनक बताया है। सैलजा ने कहा कि यह आंकड़ा राज्य में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सरकार की लापरवाही और संवेदनहीनता को उजागर करता है।सैलजा ने कहा कि हेल्पलाइन 181 महिलाओं को संकट की घड़ी में तुरंत सहायता देने के उद्देश्य से शुरू की गई थी, लेकिन इतनी कम प्रतिक्रिया दर यह दर्शाती है कि सरकार के दावे और धरातल की सच्चाई में बड़ा अंतर है।

### सरकार गंभीर नहीं

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार महिला सुरक्षा जैसे गंभीर विषय को केवल प्रचार और आंकड़ों के खेल तक सीमित कर चुकी है। सांसद ने कहा कि यदि महिला हेल्पलाइन पर की गई 100 कॉल्स में से केवल 05 पर ही कार्रवाई हो रही है, तो यह न केवल प्रशासनिक तंत्र की नाकामी है बल्कि महिलाओं के भरोसे के साथ सीधा अन्याय है।



## पंचकूला के ताऊ देवी लाल स्टेडियम में सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ

**पंचकूला।** ताऊ देवी लाल स्टेडियम, पंचकूला में शनिवार को सांसद खेल महोत्सव 2025 का भव्य शुभारंभ हुआ। यह आयोजन राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा के नेतृत्व में अंबाला संसदीय क्षेत्र में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर हरियाणा खेल विभाग के महानिदेशक संजीव वर्मा , उपायुक्तसतपाल शर्मा , पुलिस बनतो कटारिया, भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रमुख संजय आहूजा सहित अन्य महानुभावों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अधिकारियों एवं महानुभावों ने मिलकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और इस आयोजन की सराहना की।

प्रसिद्ध हरियाणवी गायक मासूम शर्मा ने अपने गानों से युवाओं में जोश भरा। उद्घाटन समारोह की शुरुआत महिला एवं पुरुष वर्ग की 5 किमी. एवं 10 किमी. मैराथन को हरी झंडी दिखाकर की गई, जिससे पूरे माहौल में उत्साह और देशभक्ति का जोश उमड़ पड़ा। इस मौके पर अधिकारी भी मौजूद रहे।

## रजिस्ट्री प्रणाली सुचारू रूप से संचालित अब तक 2778 आवेदन मिले : डॉ. मिश्रा

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सभी रजिस्ट्री कार्यालय पूर्णतः क्रियाशील पेपरलेस रजिस्ट्री प्रणाली सुचारू रूप से संचालित हरियाणा सरकार के राजस्व विभाग ने स्पष्ट किया है कि राज्यभर में सभी रजिस्ट्री कार्यालय पूरी तरह क्रियाशील हैं और पेपरलेस रजिस्ट्री प्रणाली सुचारू रूप से कार्य कर रही है। किसी भी स्थान पर रजिस्ट्री सेवाएं निलंबित नहीं की हैं। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा के साथ चर्चा करने के बाद में यह जानकारी प्राप्त हुई कि कुछ समाचार माध्यमों की ओर से प्रसारित भ्रामक रिपोर्ट असत्य हैं। यह नई प्रणाली नागरिकों को तेज़, पारदर्शी और समयबद्ध सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से लागू की गई है।

प्रणाली लागू होने के बाद से अब तक 2,778 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनमें से 927 रजिस्ट्री पूर्ण 495 आवेदनों की तिथि निर्धारित तथा 327 आवेदन अपूर्ण दस्तावेजों के कारण अस्वीकृत किए गए हैं। शेष आवेदन पांच कार्य दिवसों की समयावधि में पूर्ण किए जा रहे हैं।

**प्रदेशभर के डॉक्टरों की आज बैठक, एसोसिएशन आंदोलन की तैयारी में**

# एसएमओ की सीधी भर्ती का विरोध तेज स्वास्थ्य मंत्री रहते विज ने लगाई थी रोक

**स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने फैसला पलटा, इसी का विरोध कर रहे डॉक्टर**

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

प्रदेश में एसएमओ (सीनियर मेडिकल ऑफिसर) की भर्ती अब होगी, पूर्व में इस फैसले का डाक्टर विरोध करते रहे हैं, क्योंकि विभाग में पहले से काम करने वाले एमओ (मेडिकल अफसरों) को इससे प्रतिकूल प्रभाव होता है, काफी डॉक्टर तो एमओ भर्ती होकर मेडिकल ऑफिसर ही रिटायर हो जाते हैं। इस कारण हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन ने पूर्व स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के मंत्री रहते विरोध जताया, तो उन्होंने सीधी भर्ती पर रोक लगा दी थी। अब जब सेहत विभाग की कमान मंत्री आरती राव के हाथों में है, तो उन्होंने सीधी भर्ती का दरवाजा खोल दिया है। जिस कारण एसोसिएशन एक बार फिर से विरोध में उतरने के लिए तैयार है। डॉक्टरों ने इस बारे में मंथन करने के लिए रविवार को बैठक बुला ली है।

### स्वास्थ्य विभाग में चिकित्सकों की कमी से चिंता



जानकारी अनुसार वर्तमान स्वास्थ्य मंत्री इस बात से सहमत नहीं है, कि सीधे एसएमओ भर्ती नहीं किए जाएं। मुख्यमंत्री ऑफिस के अफसरों ने भी इस पर मंथन किया है, डॉक्टरों की कमी को दूर करने के लिए कदम उठाना जरूरी है। बताया गया है कि पिछली बैठकों में इस तरह के मुद्दों को लेकर लंबी चर्चा हुई है। विभाग में मेडिकल अफसरों, एसएमओ, स्पेशलिस्ट की भी कमी है। आने वाले वक्त में डॉक्टरों ने सीधे एमडी रखने पर भी आपत्ति जाहिर की, तो विभाग उनको भी नहीं रख सकेगा।

### एसएमओ के 160 पदों पर सीधी भर्ती पर हो चुका मंथन

प्रदेश में 160 पदों पर सीधी भर्ती करने को लेकर जून माह और उसके बाद भी मंथन हो चुका है। इसके विरोध में डॉक्टरों ने विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव और सीएमओ के अन्य अफसरों से बातचीत की थी। सेहत मंत्री के सामने भी उन्होंने अपनी बात रखी है। अब 9 नवंबर को बैठक बुलाकर डॉक्टरों ने इसका जोरदार विरोध करने का फैसला ले लिया है। अर्थात रविवार को एसोसिएशन की ओर से दावा किया जा रहा है कि बैठक होगी आगे की रणनीति तैयार की जाएगी।एसोसिएशन डॉक्टरों में मीडिया कोर्डिनेटर अमरजीत चौहान एसएमओ, डॉ. मनोज अन्य का कहना है कि हमारे साथ में ज्यादती की जा रही है, इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा पुरजोर विरोध होगा। पहले भी जुलाई माह में हड़ताल की गई थी, सरकार की ओर से कुछ वादे किए गए थे। जिन पर अभी तक अमल नहीं हो सका है।

### वादाखिलाफी बर्दाश्त नहीं : डॉ. ख्यालिया

फिलहाल, जिला कार्यकारिणी, प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को ऑनलाइन जोड़ने की तैयारी की जा रही है।हरियाणा सिविल मेडिकल एसोसिएशन अध्यक्ष डाक्टर राजेश ख्यालिया और पदाधिकारियों का कहना है कि रविवार को दोपहर में बैठक की जाएगी। जिसमें आगे की रणनीति तैयार की जाएगी। पांच फीसदी लोगों को आब्लाइज करने के लिए 95 फीसदी की प्रमोशन रोक दी जाएगी। पूर्व सेहत मंत्री अनिल विज ने जब एसएमओ की भर्ती पर रोक लगा दी थी, तो अब यह फैसला क्यों पलटा जा रहा है।

पंजाब के पूर्व डीजी रैंक के अफसर के बेटे की मौत का मामला

# सीबीआई ने पूर्व डीजीपी मोहम्मद मुस्तफा, पत्नी सहित चार पर दर्ज किया हत्या का मामला

**चंडीगढ़।** आखिरकार पंजाब के पूर्व डीजी रैंक अफसर मोहम्मद मुस्तफा के बेटे की मौत के मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने केस दर्ज कर लिया है। मामला दो प्रदेशों के बीच का होने के कारण इसका सीबीआई के पास जाना पहले ही दिन से तय था। पंजाब के पूर्व पुलिस महानिदेशक मोहम्मद मुस्तफा, उनकी पत्नी एवं पूर्व लोक निर्माण मंत्री रज़िया सुल्ताना, उनकी बेटी, मृतक की पत्नी तथा दो अन्य व्यक्तियों के खिलाफ उनके पुत्र अकील अख्तर की हत्या के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है। पूरा मामला पंचकूला पुलिस ने पहले दर्ज किया था और सीबीआई को हस्तांतरित किया है। सीबीआई ने बृहस्पतिवार की रात को औपचारिक रूप से जांच प्रारंभ करते हुए मामला दर्ज किया। मृतक अकील अख्तर, जो मोहम्मद मुस्तफा और रज़िया सुल्ताना के पुत्र थे, 16 अक्तूबर को पंचकूला स्थित अपने निवास पर संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाए गए थे।दर्ज एफआईआर के अनुसार, मृतक के परिवार में लंबे समय से आपसी कलह चल रही थी।

### युवक का वीडियो वायरल- पिता और पत्नी पर लगाए थे गंभीर आरोप

27 अगस्त को मृतक अकील अख्तर ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया था, जिसमें उन्होंने अपने पिता और अपनी पत्नी पर गंभीर आरोप लगाए थे। एफआईआर के अनुसार, अकील ने वीडियो में दावा किया कि उसने अपने पिता और अपनी पत्नी के बीच अनुचित संबंधों का पता लगाया था। उसने यह भी आरोप लगाया कि उसका पूरा परिवार, जिसमें उसकी मां और बहन भी शामिल हैं, उस पर झूठा मुकदमा दर्ज कराने या उसकी हत्या की साजिश रच रहा था। अकील ने स्पष्ट रूप से कहा था कि उसे अपनी जान का खतरा है और उसने अपने ही परिवार के सदस्यों को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया था।शिकायतकर्ता शम्सुद्दीन चौधरी ने मामले की निष्पक्ष और विस्तृत जांच की मांग की है। उन्होंने अनुरोध किया है कि मृतक के सोशल मीडिया पोस्ट, डिजिटल रिकॉर्ड, कॉल डेटा, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिवार के सदस्यों या सहयोगियों की संभावित संलिप्तता सहित सभी पहलुओं की गहन जांच की जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके और न्याय सुनिश्चित हो सके। हरियाणा सरकार ने दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम, 1946 की धारा 6 के अंतर्गत आदेश जारी करते मामले की जांच सीबीआई को सौंपी थी।

## खबर संक्षेप

### सर्च अभियान, नहीं मिले तेंदुए के निशान

**अंबाला।** शुक्रवार रात को एक बार फिर तेंदुए की मौजूदगी की सूचना ने लोगों में हड़कंप मच गया। पंजोखरा साहिब क्षेत्र में इसके बाद शनिवार सुबह एक बार फिर वन विभाग की टीम ने तेंदुए की तलाश में सर्च ऑपरेशन चलाया। हालांकि घंटों चली तलाशी के बावजूद किसी भी प्रकार के तेंदुए के निशान नहीं मिले। अधिकारियों ने साफ किया है कि क्षेत्र में फिलहाल किसी भी तेंदुए की पुष्टि नहीं हुई है।

### प्रेमी संग मिलकर पति का किया कत्ल

**फरीदाबाद।** एनआईटी थाना एरिया में रहने वाली महिला ने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या गला दबाकर कर दी। पुलिस ने मृतक के परिजन की शिकायत पर पत्नी और उसके प्रेमी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। आरोपित की तलाश की जा रही है। कृष्णा कॉलोनी में रहने वाले सूरजपाल ने बताया कि उनके बेटे अरुण की शादी करीब चार साल पहले एनआईटी पांच में रहने वाली पूनम से हुई थी। शादी के बाद से ही दोनों का विवाद चल रहा था। कई बार झगड़ा होने पर उन्होंने समझौता करवाया। पूनम का किसी अन्य व्यक्ति के साथ प्रेम प्रसंग था। जिसको लेकर अरुण और पूनम के बीच दिन पूनम के बीच विवाद चल रहा था।

### किराना स्टोर संचालक से रंगदारी मांगने वाला धरा

**फरीदाबाद।** रंगदारी मांगने व रॉड से हमला करने के मामले में क्राइम ब्रांच सेंट्रल की टीम ने 2 और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ओल्ड फरीदाबाद वासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि उसका ओल्ड मैन मार्केट में किरयाना स्टोर है, 15 अक्टूबर को दिन के समय वह अपनी दुकान पर बैठा था तो उसके पास दो लड़के आये जिसमें से एक ने अपना नाम विजय बताया और उससे मंथली के रुप में 10000 रुपये मांगे और धमकी देकर वहां से चले गये। कैलाश को चाकू मार कर घायल कर दिया था।

## बागेश्वर धाम प्रमुख धीरेंद्र शास्त्री की सनातन हिन्दू एकता पदयात्रा का फरीदाबाद में स्वागत

# वंदे मातरम बोलने से परहेज करने वाले पाकिस्तान जाएं

### केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने लिया महाराज का आशीर्वाद



बिजेन्द्र शर्मा ▶▶| फरीदाबाद

दिल्ली से वृन्दावन तक सनातन हिन्दू एकता पदयात्रा बागेश्वर धाम सरकार के धीरेन्द्र शास्त्री के फरीदाबाद की धरा पर पैर पढ़ते ही बोल सख्त हो गए। उनका कहना था वंदे मातरम हमारी आस्था का केन्द्र है और जो लोग वंदे मातरम बोलने से परहेज करते है। वह पाकिस्तान चले जाए। फरीदाबाद की सीमा पर गांव मांगर में यात्रा के प्रवेश करने पर एनआईटी 86 के विधायक सनातनी सतीश कुमार फागना ने दल-बल के साथ भव्य स्वागत किया। आज रात्रि विश्राम करने के बाद यह यात्रा कल सुबह बल्लभगढ़ होते हुए सीकरी में रात्रि विश्राम करेगी। पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने आह्वान करते हुए कहा कि उनकी मेहनत, समर्पण और पुरुषार्थ आने वाली पीढियों को संकट से बचाएगी।



**फरीदाबाद।** सनातन हिन्दू एकता पदयात्रा बागेश्वर धाम सरकार के धीरेन्द्र शास्त्री आराम करते हुए साथ है भारतीय क्रिकेट टीम के जाने माने स्टार बल्लेबाज शिखर धवन। फोटो : हरिभूमि

### मनोहर लाल ने पदयात्रा में शामिल होकर समर्थन किया

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने अपने ही प्रदेश से निकल रही सनातन हिंदू एकता पदयात्रा में शामिल होकर महाराज से आशीर्वाद लिया। उन्होंने महाराज से विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा भी की। वैसे तो महाराज राजनेताओं से दूर रहते हैं लेकिन जब कोई राजनेता आशीर्वाद लेने आता है तो महाराज उसे तुरंत आशीर्वाद दे कर उसकी कुशल जरूर पूछते हैं। केंद्रीय मंत्री ने पदयात्रा में शामिल होकर इसका समर्थन किया।

### हरियाणा बॉर्डर पर हुआ यात्रा का भव्य स्वागत

सनातन हिंदू एकता पदयात्रा जैसे ही जिरखोर मंदिर से दूसरे दिन आगे बढ़ी और हरियाणा पहुंची वैसे ही सीमा में युवा सनातनियों ने भव्य स्वागत किया। यात्रा का जगह.जगह पुष्पवर्षा से स्वागत हो रहा है। लोग इस यात्रा का ऐसे स्वागत कर रहे हैं जैसे सदियों से इसका इंतजार कर रहे थे। लोग इस यात्रा से काफी उम्मीद लगाए बैठे हैं। बड़ी संख्या में लोग स्वागत के लिए आतुर दिखाई दिए।

### पदयात्रा में शामिल हुए क्रिकेटर धवन, रेसलर खली, उमेश यादव

बागेश्वर महाराज यह पदयात्रा सभी सनातनी प्रेमियों के लिए कर रहे हैं इसलिए सनातन पर अटूट आस्था रखने वाले लोग समय मिलते ही यात्रा से जुड़ जाते हैं। दूसरे दिन की स्टार बल्लेबाज शिखर धवन शामिल हुए। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि सभी लोग यात्रा से जुडक़र एक नया संदेश दें। क्रिकेट खिलाड़ी उमेश यादव ने महाराज का आशीर्वाद लिया। प्रख्यात रेसलर बड़े से बड़े पहलवानों को धूल चटाने वाले महाबली खली ने भी आशीर्वाद लिया।

### बागेश्वर धाम प्रमुख बने पद यात्रियों के डॉक्टर

पदयात्रा में भीड़ अधिक होने के कारण अक्सर एक दूसरे के ऊपर पैर रख जाते हैं। कई बार चलते वक्त पैरों में गंभीर चोट लग जाती है लेकिन जैसे ही बागेश्वर महाराज को इसकी खबर लगती हैं वह स्वयं अपने हाथ से घायलों के घाव पर मरहम लगाने बैठ जाते हैं। महाराज के इस भाव को देखकर पदयात्री शब्दहीन हो जाते हैं। छतरपुर जिले के ही भगवंतपुरा का रहने वाला करन कुशवाहा चोटिल हो गया था।

### महिला से मिलकर व्यापारी से ऐंठे लाखों रुपये

# हनीट्रैप मामले में एसआई और एएसआई गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सेवा, सुरक्षा और सहयोग का लबादा ओढ़कर न्याय का भरोसा दिलाने वाली खाकी को ही दो अधिकारियों ने दागदार कर दिया। सच सामने आया तो नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक ने दीपक सहारण ने बिना देरी किए एसआई व एएसआई के खिलाफ न केवल भ्रष्टाचार का मामला दर्ज करवाया, बल्कि दोनों को सलाखों के पीछे भिजवाने में भी देरी नहीं की। एक महिला ने अनाज मंडी के एक कारोबारी को हनीट्रैप में फांसा और उससे पैसे की मांग की गई। कारोबारी ने इस मामले में करीब तीन लाख रुपये की अदायगी भी कर दी। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने शनिवार को बताया है कि भ्रष्टाचार में संलिप्त पुलिस कर्मचारी को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा तथा कड़ी विभागीय कार्रवाई की जाएगी। 6 नवंबर 2025 को महत्वपूर्ण सूचना मिली थी कि पुलिस विभाग के सदर थाना में कार्यरत सब इंस्पेक्टर जगदीश चंद्र के पास 31 अक्टूबर 2025 को कथित सरदुलगढ़ निवासी एक महिला ने सिरसा निवासी एक व्यक्ति के खिलाफ रेप की शिकायत दी थी।

# फरल में करंट से 10 वर्षीय मासूम की दर्दनाक मौत

**पूंडरी।** पूंडरी के गांव फरल में शनिवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया, जिसमें 10 वर्षीय मासूम निर्भय की करंट लगने से मौत हो गई। पिता अजय राणा के अनुसार, सुबह 10 बजे निर्भय घर के आंगन में अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। आंगन में लगे लोहे के शेड के नीचे ट्रॉली खड़ी हुई थी। शेड के नीचे से बिजली की एक तार गुजर रही थी, जिसमें करंट होने के कारण निर्भय करंट की चपेट में आ गया था। खेलते-खेलते निर्भय का हाथ उस तार या शेड के लोहे के हिस्से के संपर्क में आ गया, जिससे उसे जोरदार करंट लगा परिजन तुरंत बच्चे को पूंडरी के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।



मृतक निर्भय

# फतेहाबाद में जैक-रैम्बो बने हीरो, सूंघकर पकड़ी हेरोइन

**फतेहाबाद।** ऑपरेशन जीवन ज्योति के तहत नशा तस्करों की धरपकड़ में जुटी फतेहाबा पुलिस के लिए दोनों डॉग जैक और रैम्बो काफी मददगार साबित हो रहे हैं। रतिया के डीएसपी नर सिंह और टोहाना के डीएसपी उमेद सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने दोनों इलाकों में एक साथ सघन चेकिंग अभियान चलाया, जिससे नशे के तस्करों में हडक़ंप मच गया। इस कार्रवाई में के-9 डॉग स्क्वाड और स्वैट टीम ने संयुक्त रूप से उल्लेखनीय भूमिका निभाई। के-9 टीम के प्रशिक्षित डॉग्स जैक और रैम्बो ने अपनी सूंघने की क्षमता से पुलिस को दो अलग-अलग जगहों पर छिपाई गई हेरोइन बरामद करवाने में सफलता दिलाई।



डॉग स्क्वॉड के साथ पुलिस कर्मचारी।

# ट्रिपल मर्डर के दोषी को उम्रकैद की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र की जिला एवं सैशन न्यायाधीश की अदालत ने ट्रिपल मर्डर मामले के दोषी को उम्र कैद व जुमार्ने की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी राकेश कुमार कुरुक्षेत्र को उम्र कैद व 10 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। 7 दिसम्बर 2023 को पुलिस को सूचना मिली थी कि शांतिनगर कुरडी गांव में एक व्यक्ति ने फांसी ले ली है तथा उसके घर में उसकी पत्नी तथा दो बच्चे मृत हालत में पड़े हैं। जिस सूचना पर पुलिस टीम गांव में पहुंची तथा सीन ऑफ क्राइम टीम को भी मौका पर बुलाया गया। मौका पर ही को पुलिस को दिए अपने बयान में संजीव कुमार ने बताया कि बहन की शादी राकेश कुमार के साथ हुई थी। शादी के 3 साल बाद राकेश कुमार विदेश अमेरीका जाने के लिये उसकी बहन को अपने घर वालों से पैसे लाने के लिये दबाव बना रहा था।

### पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी से बढ़ी ठंडक

# प्रदेश में महेंद्रगढ़ सबसे ठंडा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

देश के पर्वतीय इलाकों में हो रही जबरदस्त बर्फबारी का असर प्रदेश के मैदानी क्षेत्रों में साफ देखा जा सकता है। बर्फबारी का असर प्रदेश के हिसार जिले में देखने का मिला है। पिछले दो दिनों से हिसार का रात्रि पारा 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे चल रहा है। आईएमडी के अनुसार शनिवार को हिसार जिले का न्यूनतम तापमान 7.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जोकि महेंद्रगढ़ के बाद सबसे कम है। महेंद्रगढ़ का न्यूनतम पारा 7.6 डिग्री सेल्सियस रहा। हिसार जिले का न्यूनतम पारा इस सीजन का सबसे कम है। रात्रि पारा सामान्य से 1.5 डिग्री सेल्सियस कम चल रहा है। सुबह के समय शीत लहर दिसंबर की ठंड का अहसास कराने में लगी है, हालांकि दिन में अच्छी धूप खिल रही है जिसकी वजह से दिन गर्म रहता है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार अगले 24 घंटे में मौसम आमतौर पर खुश्क रहने की संभावना है। नारनौल के पर्यावरण क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. चंद्रमोहन के अनुसार आने वाले दिनों में हरियाणा एनसीआर दिल्ली के तराई क्षेत्र में सुबह के समय हल्का कोहरा की सम्भावना बन रही है।

| जिला | तापमान |
|---|---|
| महेंद्रगढ़ | 7.6 |
| हिसार | 7.7 |
| गुड़गांव | 7.7 |
| सिरसा | 9.2 |
| करनाल | 9.5 |
| सोनीपत | 9.7 |
| नारनौल | 10.0 |
| कैथल | 10.4 |
| जींद | 10.5 |
| पानीपत | 10.6 |
| मानेसर | 10.9 |
| रोहतक | 11.4 |
| चंडीगढ़ | 11.9 |

RERA No. RC/REP/HARERA/GGM/786/518/2024/13 Dated: 12.02.2024
http://haryanarera.gov.in/view_project/project_preview_open_2642

दीनदयाल जन आवास योजना

दीन दयाल जन आवास योजना अफोर्डेबल प्लॉट्स
(हरियाणा सरकार की अफोर्डेबल प्लॉटेड हाउसिंग नीति, 2016 के तहत)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि LykeHomes Avenue सेक्टर 3, फरूखनगर, गुरूग्राम, हरियाणा में दीन दयाल जन आवास योजना के तहत आवास भूखंड (हरियाणा सरकार की किफायती प्लॉटेड कॉलोनी DDJAY-2016 के तहत) पंजीकरण के लिए खुली हैं विवरण वेबसाइट www.deendayalyojnaplot.com पर उपलब्ध है




www.deendayalyojnaplot.com

आवेदन की अंतिम तिथि: 10-11-2025 आवंटन की तिथि: 12-11-2025 आवेदन करने के लिए : ₹21,000 का भुगतान करें (100% रिफंडेबल)

| Sr. No. | Area (Sq. Meter) | Area (Sq. Yards) | Rate Per Square Yard | Registration Amount (Refundable) | 10% at the time of Booking | 40% within 30 days from the signing of Agreement for Sale (Bank Loan Available) | 50% on offer of Possession (Bank Loan Available) | Total Basic Cost |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 102.377 | 122.443 | ₹74750 | ₹21000 | ₹915261 | ₹3661046 | ₹4576307 | ₹9152614 |
| 2 | 109.892 | 131.431 | ₹74750 | ₹21000 | ₹982447 | ₹3929787 | ₹4912234 | ₹9824467 |
| 3 | 119.556 | 142.989 | ₹74750 | ₹21000 | ₹1068843 | ₹4275371 | ₹5344214 | ₹10688428 |
| 4 | 130.662 | 156.272 | ₹74750 | ₹21000 | ₹1168133 | ₹4672533 | ₹5840666 | ₹11681332 |
| 5 | 137.18 | 164.067 | ₹74750 | ₹21000 | ₹1226401 | ₹4905603 | ₹6132004 | ₹12264008 |

30% Plots Reserved for Females & Government Employees

Key Highlights:
1. Adjacent to Reserved Green Forest – Live with Nature, Live with Green.
2. Excellent Connectivity to Major Highways – KMP, Delhi–Jaipur Super Expressway & Dwarka Expressway within just 5–15 minutes.
3. Well Connected to Reliance Model Economic Township
4. Gated Community with Security.
5. 24×7 CCTV Surveillance.
6. Lush Green Landscapes, Kids Play Area & Parks with modern aminities.

Builder Buyer Agreement will be on receiving of 10% Booking Amount

Official RERA Website for the project is www.lykehomes.co.in

इस वेबसाइट पर जाकर आवेदन करें: www.deendayalyojnaplot.com
हेल्पलाइन: +91 7303392020, ई-मेल: support@deendayalyojnaplot.com

80% तक बैंक ऋण उपलब्ध* SBI HDFC BANK AXIS BANK

## कांग्रेस जिलाध्यक्षों के पचमढ़ी ट्रेनिंग कैंप में पहुंचे राहुल गांधी, हर दो महीने में पॉलिटिकल अफेयर कमेटी की बैठक करने के दिए निर्देश

# राहुल का फैसला-हटाए जाएंगे अब 'नॉन परफॉर्मर' जिलाध्यक्ष

### दिग्विजय सिंह ने दिया मध्यप्रदेश में बूथ स्तर पर कांग्रेस की जीत का मंत्र

### राहुल ने पार्टी को निर्णयों और कार्यक्रमों की 6 महीने की भीतर समीक्षा करने के भी निर्देश दिए



पचमढ़ी के रविशंकर भवन में संवाद करते राहुल गांधी

- वरिष्ठ नेताओं से कहा कि वे जिलाध्यक्षों के कार्यों पर नजर रखें
- राहुल शनिवार और रविवार को करीब 19 घंटे तक पचमढ़ी में रहेंगे

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

पचमढ़ी में आयोजित कांग्रेस जिलाध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर में पहुंचे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सबसे पहले प्रदेश के सीनियर लीडर्स की बैठक ली। उन्होंने कहा है कि आप जिलाध्यक्षों के कार्यों पर नजर रखें। काम की सतत मॉनीटिरिंग की जाएगी। इसके बाद नॉन परफॉर्मर जिला अध्यक्षों को हटाया जा सकता है। बैठक में बड़ा मुद्दा नेताओं की बीच समन्वय न होने का रहा।

कुछ ने राहुल से इसकी शिकायत की। इसके लिए राहुल ने सभी नेताओं से सहयोग मांगा। उन्होंने संगठन के साथ मिलकर काम करने की बात सीनियर नेताओं से कही। बैठक के बीच दिग्विजय सिंह ने मध्य प्रदेश में बूथ स्तर पर जीतने का मंत्र दिया। उन्होंने इस संदर्भ में माइक्रो प्लानिंग की रिपोर्ट राहुल गांधी को दी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी पचमढ़ी आ सकते हैं।

**दिग्विजय ने बूथ स्तर की माइक्रो प्लानिंग रिपोर्ट राहुल को सौंपी**

### हम बूथ से लेकर गांव तक कनेक्ट रहें

राहुल ने कहा कि साल 2028 में चुनाव है। चुनाव से पहले हमें संगठन को मजबूत करना है। कोशिश रहे कि हम बूथ से लेकर गांव तक कनेक्ट हो पाएं, इसके लिए सभी नेताओं को एकजुट होकर काम करना है। सभी को निर्देश दिए गए हैं कि कोई भी नेता पार्टी के खिलाफ जाकर प्रदर्शन न करे। पार्टी से अनुमति लेकर प्रदर्शन किया जाए और जनता के मुद्दों को पूरी ताकत से उठाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि पॉलिटिकल अफेयर कमेटी की बैठक हर दो माह में की जाना चाहिए। निर्णयों और कार्यक्रमों की 6 महीने की भीतर समीक्षा करने के लिए भी निर्देश दिए।

### जिलाध्यक्षों के परिजनों के साथ डिनर किया

राहुल गांधी कांग्रेस के जिलाध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर में शामिल होकर संवाद किया। उन्होंने पार्टी संगठन को मजबूत करने और मिशन 2028 के तहत सरकार बनाने का लक्ष्य देकर जुट जाने को कहा है। राहुल जिला अध्यक्षों के परिजन के साथ डिनर भी किया। जिला अध्यक्षों के प्रशिक्षण स्थल के बाहर राहुल गांधी से मिलने पहुंची छिंदवाड़ा के सौसर की महिला गेट पर आकर रोने लगी। वह राहुल से मिलने की जिद पर जमीन पर बैठ गई।

---

ध्यान सत्र से पहले नव आरक्षक पढ़ रहे गीता

4,000 युवा ले रहे हैं ट्रेनिंग

## 8 पुलिस ट्रेनिंग स्कूलों में शुरू हुआ गीता पाठ




भोपाल। प्रशिक्षण ले रहे नए आरक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के 8 पुलिस ट्रेनिंग स्कूलों में प्रशिक्षण ले रहे नए आरक्षकों को शनिवार से भगवद् गीता का पाठ भी पढ़ाना शुरू कर दिया गया है। जुलाई में ट्रेनिंग सेशन की शुरुआत के समय एडीजी राजा बाबू सिंह ने रामचरितमानस का पाठ कराने के निर्देश दिए थे। उनका कहना था कि इससे रंगरूटों में अनुशासन और चरित्र निर्माण की भावना विकसित होगी। उन्होंने आदेश में कहा कि भगवद् गीता हमारा शाश्वत ग्रंथ है। इसका नियमित पाठ निश्चित रूप से हमारे ट्रेनी को एक नेक जीवन जीने में मार्गदर्शन करेगा और उनका जीवन बेहतर होगा। ध्यान सत्र से ठीक पहले नव आरक्षक गीता पाठ पढ़ रहे हैं। 8 केंद्रों पर करीब 4 हजार नव आरक्षक ट्रेनिंग ले रहे हैं। यह पाठ पूरे अगहन मास में चलेगा। यानी, 6 नवबंर से शुरु होकर 4 दिसंबर तक।

---

अस्पताल के सामने आधे घंटे तक पड़े रहे तीनों

## इंदौर में स्कॉर्पियो ने तीन छात्रों को रौंदा, 2 की मौत

- करीब 100 की रफ्तार से चला रहे थे
- 4 आरोपी युवक कार छोड़कर भाग गए



आयुष राठौर (मृतक) | कृष्ण पाल (मृतक)



स्कॉर्पियो में फंसी बाइक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा/इंदौर

इंदौर में एक स्कॉर्पियो ने बाइक सवार तीन इंजीनियरिंग छात्रों को रौंद दिया। दो छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई। एक की हालत गंभीर है। तीनों खंडवा के रहने वाले हैं। हादसे के बाद स्कॉर्पियो सवार 4 युवक गाड़ी छोड़कर भाग निकले।

पुलिस ने स्कॉर्पियो को जब्त कर लिया है। हादसा शुक्रवार देर रात करीब 2 बजे लाइफ केयर हॉस्पिटल के सामने हुआ। कृष्ण पाल सिंह तंवर (20) और आयुष राठौर (20) की मौके पर ही मौत हो गई थी। श्रेयांश राठौर की हालत गंभीर है। तीनों इंदौर के प्रेस्टीज कॉलेज में बीटेक सेकंड ईयर के छात्र हैं। कृष्ण पाल के परिवार को बेटे की मौत की जानकारी नहीं दी गई है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि स्कॉर्पियो नई थी, उस पर माला लगी हुई थी। स्कॉर्पियो नक्षत्र चौराहे से तकरीबन 100 की स्पीड से आ रही थी। इसी दौरान पेट्रोल पंप के सामने बने डिवाइडर के कट से बाइक सवार तीनों युवक निकले, जिनको कार ने जोरदार टक्कर मारी।

---

सत्यमेव जयते

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
भारत सरकार

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग**

**वर्ष 2025-26 के लिए**

एससी छात्रों हेतु मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत उच्चतर शैक्षिक अध्ययन हेतु

**अनुसूचित जाति वर्ग के छात्रों को छात्रवृत्तियाँ प्रदान करने की घोषणा करता है।**

| पात्रता | कार्य क्षेत्र | छात्रवृत्ति |
|---|---|---|
| माता-पिता / अभिभावक की वार्षिक आय 2.50 लाख रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए | कक्षा 11 एवं उसके बाद वाले सभी मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रम | पूर्ण अप्रतिदेय शुल्क (ट्यूशन शुल्क सहित) |
| मान्यता प्राप्त संस्थानों/ विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों/ विद्यालयों में पाठ्यक्रमों का अध्ययन करने वाले छात्र | लाभार्थियों का चयन राज्य सरकारों / संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों द्वारा किया जाएगा | प्रतिवर्ष 2500/- रुपए से लेकर 13500/- रुपए का अकादमिक भत्ता |
| | सबसे गरीब परिवारों के आवेदको को प्राथमिकता | दिव्यांग छात्रों (विशेष रूप से सक्षम) के लिए 10% अतिरिक्त भत्ता |

छात्र के पास वैध **मोबाइल नम्बर, आधार नम्बर (यूआईडी), आधार से जुड़ा बैंक खाता, आय प्रमाण-पत्र, पिछले वर्ष की मार्कशीट तथा जाति प्रमाण-पत्र होना चाहिए।**

योजना के दिशा-निर्देश तथा विस्तृत पात्रता मानदंड नीचे दिए गए लिंक पर उपलब्ध हैं।

https://socialjustice.gov.in/schemes/25

योजना के दिशा-निर्देशों के लिए QR कोड स्कैन करें

CBC 38101/11/0030/2526

---

### वोटिंग से 3 दिन पहले लेडी एसएसपी सस्पेंड

**तरनतारन।** भारत चुनाव आयोग ने तरनतारन की एसएसपी डॉ. रवजोत कौर ग्रेवाल को सस्पेंड कर दिया है। यह कार्रवाई तरनतारन उपचुनाव से ठीक 3 दिन पहले की गई है। शिरोमणि अकाली दल (एसएडी) ने प्रदेश के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) सिबिन सी को ग्रेवाल के खिलाफ शिकायत दी थी।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## नोबेल पुरस्कार विजेता जेम्स वाटसन का निधन

भाषा ▶▶ तिरुवनंतपुरम

ब्रिक-आरजीसीबी के वैज्ञानिक समुदाय ने शनिवार को नोबेल पुरस्कार विजेता और अमेरिका की कोल्ड स्प्रिंग हार्बर प्रयोगशाला (सीएसएचएल) के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर जेम्स वाटसन के निधन पर शोक व्यक्त किया। वह 97 वर्ष के थे।

राजीव गांधी जैव प्रौद्योगिकी केंद्र के निदेशक (अतिरिक्त प्रभार) डॉ. टी आर संतोष कुमार ने अपने शोक संदेश में कहा कि वाटसन ने डीएनए की संरचना को सुलझाकर विज्ञान में सबसे महत्वपूर्ण सफलता हासिल की, जिसने 20वीं सदी के उत्तरार्ध में जैव प्रौद्योगिकी क्रांति की नींव रखी। उन्होंने याद किया कि आरजीसीबी के संस्थापक निदेशक दिवंगत प्रोफेसर एम आर दास के कार्यकाल के दौरान, डॉ. वाटसन ने जनवरी 1999 में संस्थान का दौरा किया था और संकाय और छात्रों के साथ बातचीत की थी।

आरजीसीबी के बयान में कहा गया, ''उन्होंने 'डीएनए की संरचना की उत्कृष्ट खोज के निहितार्थ और डीएनए की भाषा से शुरू होने वाली जैविक सूचना हस्तांतरण के महत्व' पर एक सार्वजनिक व्याख्यान भी दिया था।''

### स्कूटी सवार का कटा 20 लाख 74 हजार रुपये का चालान

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां पुलिस ने एक स्कूटी का 20 लाख 74 हजार रुपये का चालान कर दिया। अब यह विवादित चालान सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिससे पुलिस महकमे में भी हड़कंप मच गया है। जिसके बाद अधिकारी इस मामले में अपनी सफाई दे रहे हैं। दरअसल बीती 4 नवंबर को नई मंडी कोतवाली क्षेत्र स्थित गांधी कॉलोनी चौकी पर एक स्कूटी सवार अनमोल सिंघल का 20 लाख 74 हजार रुपये का चालान कर दिया था। चालान को लेकर हवाला दिया गया था कि स्कूटी सवार ने ना तो हेलमेट लगाया हुआ था और ना ही उसके पास ड्राइविंग लाइसेंस था। इसके अलावा सवार के पास गाड़ी का कोई कागज भी नहीं था। जिसके चलते चालान के बाद पुलिस ने गाड़ी को सीज कर दिया।

**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
**IN THE COURT OF Sh. Sachin Singhal, Civil Judge (Junior Division), Hisar**
**Shyam Lal Vs. Suman**
CNR No. HRHS02-002290-2024
Next Date : 23-01-2026

Suit for declaration to the effect that the plaintiff is sole and exclusive owner of house no. 82 total measuring 78.3 sq. yards bounded and measured as follow- East 27.11 house of Dev Raj, West 28.75 House of Som Nath, North 25 House of Smt. Usha Dhamiza, South 25 Street Situated at Sant Nagar Hisar, that the defendant no. 1 in collusion with other defendants has fraulently obtained the registered sale deed no. 5036 dt. 20.08.2024 in her name by causing criminal breach of trust and active concealment of facts-with consequential relief of Mandatory injunction directing the defendants to make the sale deed in favour of the plaintiff, deliver all the original title deeds to him and also get the necessary enties made to this effect in the official record --- on the basis of evidence, documentary and oral of every kind.

**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**Smt. Versha W/o Bishamber Dayal**
**H. No. 617, Molviyan Mohalla, Near Bus Stand, Hisar**

In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on 23.1.2026 at 10:00 a.m.

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Hisar

Sd/- Civil Judge (Junior Division), Hisar
**Dated, this day of 06.11.2025**

**मुकदमें के फैसले के बारे में समन्स**
(सिविल प्रोसीजर कोड, आर्डर 5 रूल्स 1 और 5)
प्रकरण क्र.- CC/2019/1054
आ.ले.क्र.- 108/जि.उ.आ./स्था./2025
पेशी दिनांक- 10.12.2025
अदालत- जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, दुर्ग (छ.ग.)
आवेदक- गुणाकर साहू पिता स्व. मंशाराम साहू
अनावेदक-(1) श्री अनिश दिवान पिता स्व. सज्जन लाल दिवान
**बनाम-** (3) फ्यूचर मेकर लाईफ केयर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी एस.सी.ओ. 188 रेड इस्क्वायर मार्केट, हिसार हरियाणा (125001) (4) CMD डायरेक्टर- राधेश्याम पिता नत्थूराम ग्राम- सिरसा ( हिसार ) जिला- हिसार हरियाणा.

क्योंकि मुद्दई मजकूर ने आपके खिलाफ उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 का परिवाद दायर किया है, आपको इस समंस के जरिये आदेशित किया जाता है कि आप इस अदालत में तारीख 10 माह 12 सन् 2025 ई. को दिन के 11 बजे खुद या ऐसे वकील के मार्फत जिसे कि मुकदमें की बातें ठीक- ठाक तौर से समझा दी हो और जोकि मुकदमें के बारे में कुल जरूरी सवालात का जवाब दे सके (या) जिसके साथ कोई ऐसा आदमी मौजूद हो जो कि ऐसे सवालात का जवाब दे सके) मुकदमें का जवाब देने के लिये हाजिर हो जावो और आपकी हाजरी के लिये मुकर्रर किया हुआ दिन मुकदमें के आखिरी फैसले के वास्ते रखा जाने की वजह से आपको उस तारीख को ऐसे सभी गवाहों और दस्तावेजों जो आपकी अभिरक्षा या शक्तियों में है पेश करने के लिये तैयार रखना होगा कि जिन पर आप अपने बचाव की पुष्टि के लिये भरोसा रखना चाहते हों, तो आप ऐसे दस्तावेजों की लिखित कथन के साथ उपावन में जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप बताई गई पेशी तिथि को इस न्यायालय में हाजिर ( उपस्थित ) नहीं होंगे तो इस वाद की सुनवाई और निराकरण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। आपके गैर हाजिरी में मुकदमें की सुनवाई होकर उसका फैसला किया जावेगा।

आज तारीख 30 माह 10 सन् 2025 को अदालत की मुहर से जारी किया गया।

(मुहर)
President
District Consumer Disputes Redressal Commission, District- Durg (C.G.) Pin- 491001

## राशिफल

**मेष** — नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। खर्च बढ़ेंगे। मीठे खानपान के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग भी बन रहे हैं।

**वृष** — मानसिक शान्ति बनाये रखने के लिए प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। कारोबार के प्रति सचेत रहेत। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है।

**मिथुन** — यात्रा पर जाना पड़ सकता है। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी।

**कर्क** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**सिंह** — रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। पुराने मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कन्या** — भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**तुला** — आय में वृद्धि होगी। सेहत का ध्यान रखें। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। यश की प्राप्ति होगी।

**वृश्चिक** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। किसी मित्र का सहयोग से सम्पत्ति में निवेश हो सकता है।


**धनु** — खर्च बढ़ेंगे। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। भवन सुख में वृद्धि होगी। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे।

**मकर** — कारोबार का विस्तार होगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। मन प्रसन्न रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान

**कुंभ** — अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। बातचीत में संयत रहें। किसी मित्र के सहयोग से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**मीन** — आय में वृद्धि होगी। यात्रा लाभप्रद रहेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार में वाद-विवाद की स्थिति से बचने के प्रयास करें। आत्मसंयत रहें।

## शब्द पहेली - 6042




**बाएँ से दाएँ**
1.जो आदरणीय न हो-6
5.अनुक्षेपक,अंश -4
8.साथ-2
9.छोटी तलवार-3
10.विदेशी शराब का एक प्रकार -2
11.दुश्मनी-4
12.इस जगह-2
14.अनवरत-4
16.लाचार,बेबस-3
18.धुलाई करना-4
20.न्यूनता,निम्नता-5
23.समुद्री यात्री-5
26.पूंजी,संपत्ति-4
27.असंयमी,स्वच्छंद-3
29.वन में रहनेवाला-4
30.उम्मीद,आशा-2
32.सौंठ,एक कंद-4
33.जोर,बल-2
35.बसंतकाल-3
36.जोश,उग्रता-2
37.पाताल-4
38.सभ्य,होनहार-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.जो संवैधानिक न हो-6
2.सांप,सर्प-2
3.दानेदार-4
4.जिगर,कलेजा-3
5.प्रेम,प्यार-3
6.पंख,पराया-2
7.मरियल, निर्बल-4
11.शत्रुता,वैमनस्यता (उर्दू-4)
13.शिकार फंसाने के लिए चिल्लाना-2
15.सुस्त,उनींदा-4
17.पदक-3
18.विश्वासघात-4
19.बहुमूल्य पत्थर-2
21.रानी,शहजादी-3
22.फलों का जूस-2
24.कुतरने वाला-4
25.मानक समुद्र तल (अंग्रेजी-2,1,3)
27.अपमान,उपेक्षित-4
28.पिता की बहन-2
29.सुखद वस्तु, ईष्ट कृपा, नेमत-4
31.बलवान-3
32.प्रार्थना-3
34.तिल,मस्सा-2
36.52 पत्तों का खेल, प्लेइंग कार्ड-2

### शब्द पहेली- 6041 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | द | त | न | | ल | | वा | य | लि | न |
| | ल | | रा | | प | व | न | | ख | फा |
| ए | | | ध | व | ल | | र | | | स |
| ह | र | द | म | | पा | ल | | फ | क | त |
| सा | | म | | दा | ना | | सा | | मा | |
| न | वी | न | त | म | | अ | ज | वा | ई | न |
| | र | | वा | | स | दा | | रि | | वी |
| प | ता | का | | ह | क | | अ | स | मा | न |
| र | | | जी | | प | र | दा | | | ता |
| वा | त | | न | ल | का | | व | | द | |
| ज | रु | र | त | | ना | | त | ल | वा | र |












चुनाव के दूसरे चरण के प्रचार के लिए पक्ष- विपक्ष के उतरे दिग्गज , पीएम मोदी बोले

# पहले चरण की वोटिंग में जंगलराजवालों को 65 वोल्ट का झटका लगा, 'नहीं चाहिए कट्टा सरकार, फिर एक बार एनडीए सरकार'

एजेंसी ⏭ पटना

पीएम नरेंद्र मोदी ने सीतामढ़ी में विशान जनसभा को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि मैं माता जानकी की प्रकट स्थली से संपूर्ण बिहार को प्रणाम करता हूं। पहले चरण के मतदान ने कमाल कर दिया है। उन्होंने महागठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा कि पहले चरण के मतदान से जंगलराज वालों को 65 वोल्ट का झटका लगा है। आपका प्यार और उमंग देखकर स्पष्ट लगता है कि इस बार फिर से एनडीए सरकार बनेगी। आपका आशीर्वाद सबसे बड़ी ताकत है। पीएम मोदी ने नहीं चाहिए कट्टा सरकार, फिर एक बार एनडीए सरकार का नारा दिया। उन्होंने कहा कि यह चुनाव विकसित बिहार बनाने का चुनाव है। यह चुनाव आपके आने वाली पीढ़ी का भविष्य तय करेगा।

## पीएम मोदी ने बताया जंगलराज का मतलब



सीतामढ़ी में संबोधन के पहले नेताओं से मिले पीएम मोदी।

पीएम मोदी ने कहा कि राजद वाले बिहार के बच्चों के लिए क्या करना चाहते हैं?आप जंगलराज वालों के गाने और नारे सुन लीजिए, आप कांप जाएंगे। राजद के मंचों पर मासूम बच्चों से कहलवाया जा रहा है कि उन्हें रंगदार बनना है। आप मुझे बताइए बिहार के बच्चे को रंगदार बनना चाहिए या डॉक्टर बनना चाहिए? बिहार का बच्चा अब रंगदार नहीं, डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, जज बनेगा। पीएम मोदी ने कहा कि जंगलराज का मतलब है- कट्टा, क्रूरता कटुता, कुशासन, कुसंस्कार, करप्शन।

### वो कौन सा पंजा था जो एक रुपए को घिसकर 15 पैसे कर देता था

पीएम मोदी ने कहा कि अगर राजद-कांग्रेस की सरकार रहती तो आपके हक का पैसा लूट लिया जाता। यह मैं नहीं बल्कि कांग्रेस के नामदार के पिताजी कहते थे। वह कहते थे कि दिल्ली से एक रुपया निकलता है तो गांव में जाते-जाते 15 पैसा हो जाता है। जरा बताओ यह कौन सा पंजा था? जो एक रुपये को घिस-घिस कर 15 पैसा कर देता था।

### महागठबंधन ने तो त्योहारों और अयोध्या महाकुंभ का भी अपमान किया

पीएम ने कहा कि इंडी वालों को पर्व और त्योहारों से भी चिढ़ है। छठ को ड्रामा बताते हैं। अयोध्या की प्राण प्रतिष्ठा का इनलोगों ने अपमान किया। महाकुंभ का भी अपमान किया।

केंद्रीय गृहमंत्री शाह बोले

## सीमांचल को घुसपैठियों का अड्डा बनाना चाह रहे राहुल-तेजस्वी

गृह मंत्री अमित शाह ने पूर्णिया के बनमनखी में चुनावी सभा की। अपने संबोधन के दौरान गृह मंत्री ने



महागठबंधन पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि राज्य के आधे हिस्से ने पहले ही कांग्रेस-राजद गठबंधन को नकार दिया है। एनडीए बिहार में 160 से अधिक सीटें जीतकर सरकार बनाएगी। यह अभी-अभी राहुल गांधी और लालू प्रसाद के बेटे तेजस्वी यादव घुसपैठियों बचाव यात्रा लेकर निकले थे। वे चाहते हैं सीमांचल घुसपैठियों का अड्डा बने। हम उनके जमीन अधिग्रहण को भी जमींदोज कर देंगे।

### अगर थोड़ी सी गलती हुई तो जंगलराज वापस आ जाएगा

शाह ने कहा कि थोड़ी सी गलती हुई तो जंगलराज वापस आ जाएगा। शाह ने कहा कि दिनदहाड़े यहां पर एमएलए की हत्या हुई थी। नीतीश कुमार ने जंगलराज समाप्त कर दिया है। अब यह जंगलराज नए चेहरे के साथ, नए भेष बदलकर वापस आ रहा है। तेजस्वी यादव कान खोलकर सुन लो अब बिहार की धरती पर शहाबुद्दीन और ओसामा की जगह नहीं रही।

### कांग्रेस-आरजेडी ने सिर्फ अपने बच्चों के लिए काम किया

कटिहार में एक जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि उन्होंने (कांग्रेस-राजद) सिर्फ अपने बच्चों के लिए काम किया। लालू यादव चाहते हैं कि उनका बेटा मुख्यमंत्री बने और सोनिया गांधी चाहती हैं कि उनका बेटा प्रधानमंत्री बने। मैं दोनों को बता देना चाहता हूं कि न तो लालू का बेटा, न ही सोनिया का बेटा मुख्यमंत्री बनेगा और न ही प्रधानमंत्री। किसी के लिए कोई और जगह खाली नहीं है।

पीएम के कट्टे वाले बयान पर बरसीं प्रियंका

## पद की गरिमा बनाए रखने में विफल रहे

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कटिहार में चुनावी रैली में प्रधानमंत्री और



केंद्र पर जोरदार हमला किया। प्रियंका ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री देश के सभी सार्वजनिक उपक्रमों को अपने कुछ कॉरपोरेट मित्रों के हवाले कर रहे हैं। पीएम मोदी अपने पद की गरिमा बनाए रखने में विफल हैं। उन्होंने आलोचना की कि प्रधानमंत्री 'कट्टा' जैसे शब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं, जो लोगों को भड़काने के लिए है। प्रियंका गांधी ने जोर देकर कहा कि देश के सर्वोच्च पद पर बैठे व्यक्ति को संयम और मर्यादा का पालन करना चाहिए। प्रियंका ने कहा कि लोग बदलाव चाहते हैं। मैं सभी सभाओं में देख रही हूं और लोग मुझसे ज्यादा बोलते हैं। लोग बदलाव चाहते हैं, वे थक चुके हैं और ऊब चुके हैं। ध्यान भटकाने वाली कोई भी चीज काम नहीं कर रही है।

खेड़ा का विवादित बयान

### पीएम की कनपटी पर कट्टा रखकर नीतीश को फेस घोषित करवा लेना चाहिए

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पीएम मोदी पर विवादित बयान दिया है। खेड़ा ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह



अधिकारियों से गुप्त रूप से मिलते हैं। खेड़ा ने सवाल उठाया कि शाह गुप्त रूप से कौन सी बैठकें करते हैं?उन्होंने कहा कि 121 सीटों पर 72 सीटों पर महागठबंधन की जीत होगी। उन्होंने कहा कि मैंने सुना है कि प्रधानमंत्री की कुछ रैलियों में कटौती की गई है। कखेड़ा ने पीएम नरेंद्र मोदी के कट्टा वाले बयान पर पलटवार करते हुए अटपटा बयान दिया है।उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार को पीएम की कनपट्टी पर कट्टा रखकर खुद को सीएम फेस घोषित करवा लेना चाहिए।


### सीएम नीतीश और एनडीए का समय अब खत्मः जयराम

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के बाद कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने बड़ा दावा



किया है। उन्होंने कहा कि राज्य में रिकॉर्ड वोटिंग इस बात का संकेत है कि जनता अब बदलाव चाहती है और महागठबंधन की सरकार बनना तय है। रमेश ने कहा कि बिहार में लोगों ने बदलाव के लिए वोट किया हैष जो उच्च मतदान प्रतिशत देखने को मिला, वह जनता की इस भावना को दर्शाता है कि अब वे नई दिशा, नई सरकार चाहते हैं। नीतीश और एनडीए का समय अब खत्म हो गया है।

### राहुल के पास सबूत हों तो चुनाव आयोग में करें शिकायतः राजनाथ



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि यदि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लगता है कि बिहार में वोट चोरी हो रह है, तो उन्हें सबूतों के साथ निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज करानी चाहिए, न कि झूठ फैलाना चाहिए। सासाराम में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि राहुल के पास मुद्दे नहीं हैं, इसलिए वे निराधार आरोप लगा रहे हैं।

### अपराधी और माफिया किसी के सगे नहीं होतेः योगी



सीएम योगी ने पिपरा की जनसभा के दौरान कहा पहले चरण के चुनाव में बिहार की जनता ने साबित कर दिया है कि बिहार के अंदर अब लालटेन की धुंधली रोशनी में अपराध कोई नहीं कर पाएगा। अगर अपराधी जीतेगा तो निवेश भागेगा। अगर अपराधी जीतेगा तो सुरक्षा दांव पर लगेगी। वे किसी के सगे नहीं होते।

### धंसा मंच, बाल-बाल बचे सीएम लालू ने परिवार का काम किया



गया के बेलागंज पड़ाव स्थल पर शनिवार बिहार सीएम नीतीश कुमार ने जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान ज्यादा भीड़ होने के कारण मंच का एक हिस्सा अचानक धंस गया। नीतीश ने कहा कि हमलोगों ने 20 साल में काफी काम किया है। पहले लालू प्रसाद केवल परिवार का विकास किया।

## खबर संक्षेप

### चुनाव खत्म होते ही पार्टी को नया अध्यक्ष मिलेगा


**नई दिल्ली।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भाजपा के अगले राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर बड़ी



जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि बिहार चुनाव खत्म होने के बाद पार्टी को नया अध्यक्ष मिलेगा। उन्होंने साफ कर दिया कि पार्टी में किसी तरह की कोई कलह नहीं है। संघ कभी भी भाजपा के राजनीतिक कार्यों में हस्तक्षेप नहीं करता।

### पीएम देहरादून में रजत जयंती में होंगे शामिल

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी रविवार को उत्तराखंड के स्थापना दिवस पर आयोजित रजत जयंती



समारोह में हिस्सा लेंगे। दोपहर लगभग 12:30 बजे पीएम मोदी देहरादून का दौरा करेंगे और उत्तराखंड राज्य के गठन की रजत जयंती समारोह में पीएम मोदी एक स्मारक डाक टिकट भी जारी करेंगे। लोगों को संबोधित करेंगे।

### भारत रत्न आडवाणी को शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और भारत रत्न लालकृष्ण आडवाणी को प्रधानमंत्री ने



शनिवार को जन्मदिन की शुभकामानाएं दीं। एक महान दूरदर्शिता और बुद्धिमत्ता से संपन्न राजनेता, आडवाणी का जीवन भारत की प्रगति को सुदृढ़ करने के लिए समर्पित रहा है। अन्य नेताओं ने भी आडवाणी को बधाई दी।

### तरन तारन की एसएसपी ग्रेवाल निलंबित

**तरनतारन।** विधानसभा हलका तरनतारन के उपचुनाव दौरान शिरोमणि अकाली दल के नेताओं



को गिरफ्तार करने के मामले पर चुनाव आयोग ने तरनतारन की एसएसपी रवजोत ग्रेवाल को सस्पेंड कर दिया है। अमृतसर के पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर को एसएसपी का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने 4 वंदे भारत एक्सप्रेस को दिखाई हरी झंडी

# ये भारतीयों की और भारतीयों द्वारा बनाई गई विकसित भारत के लिए बनेंगी श्रेष्ठ साधन

पीएम ने कहा- देश की प्रगति का सबसे बड़ा आधार मजबूत इन्फ्रास्ट्रक्चर

एजेंसी ⏭ बनारस

बनारस रेलवे स्टेशन से शनिवार की सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बनारस से खजुराहो जाने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई। पीएम ने यहां से देशवासियों को चार वंदे भारत की सौगात दी। इसके बाद उन्होंने कहा कि आज वंदे भारत, नमो भारत और अमृत भारत जैसी ट्रेनें, भारतीय रेलवे की अगली पीढ़ी की नींव तैयार कर रही हैं। वंदे भारत भारतीयों की, भारतीयों द्वारा, भारतीयों के लिए बनाई गई ट्रेन है। जिस पर हर भारतीय को गर्व है। आज जिस तरह से भारत ने विकसित भारत के लिए अपने साधनों को श्रेष्ठ बनाने का अभियान शुरू किया है, ये ट्रेनें उसमें एक मील का पत्थर बनने जा रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने संबोधन की शुरुआत भोजपुरी में करते हुए कहा कि बाबा विश्वनाथ के ई पावन नगरी में आप सब लोगन के काशी के परिवारजन के हमार प्रणाम। देव दीपावली के बाद आज के दिन भी काशी के विकास पर्व पर आप सबके शुभकामना देत हईं। पीएम ने कहा कि विकसित देशों की प्रगति का सबसे बड़ा आधार मजबूत इन्फ्रास्ट्रक्चर रहा है। भारत भी अब तेजी से उसी राह पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि रेलवे नेटवर्क, सड़कों और नई व्यवस्थाओं के विस्तार से देश के हर हिस्से में विकास की नई गाथा लिखी जा रही है।



ई पावन नगरी में आप सब लोगन को हमार प्रणाम

बनारस में वंदे भारत को हरी झंडी दिखाते प्रधानमंत्री मोदी।

### पावन धाम अब वंदे भारत नेटवर्क से जुड़ रहे

पीएम मोदी ने बताया कि देश में अब 160 से अधिक वंदे भारत ट्रेन संचालित हो रही हैं। ये ट्रेन भारत की इंजीनियरिंग क्षमता और आत्मनिर्भरता की प्रतीक हैं। वंदे भारत, नमो भारत और अमृत भारत ट्रेनें भारतीय रेलवे की अगली पीढ़ी की नींव तैयार कर रही हैं। वंदे भारत भारतीयों द्वारा भारतीयों के लिए बनाई गई ट्रेन है, जिस पर हर भारतीय को गर्व है

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की तीर्थ यात्राएं केवल धार्मिक नहीं, बल्कि देश की आत्मा को जोड़ने वाली परंपरा है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज, अयोध्या, हरिद्वार, चित्रकूट, कुरुक्षेत्र जैसे पावन धाम अब वंदे भारत नेटवर्क से जुड़ रहे हैं, जिससे आस्था और विकास दोनों का संगम हो रहा है। ये देश के विकास के नेटवर्क को मजबूत बनाएंगी।



ट्रेन में बच्चे से हाथ मिलाते और बात करते पीएम मोदी।

### मुझे गर्व है कि मेरे शहर के बच्चे इतने प्रतिभाशाली

पीएम मोदी ने इस दौरान काशी के बच्चों की प्रतिभा का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि वंदे भारत ट्रेनों के उद्घाटन के दौरान विद्यार्थियों ने "विकसित भारत" पर सुंदर कविताएं और चित्र प्रस्तुत किए। काशी के सांसद के रूप में मुझे गर्व है कि मेरे शहर के बच्चे इतने प्रतिभाशाली हैं। मैं चाहता हूं कि इन बच्चों का कवि सम्मेलन काशी में कराया जाए और कुछ बच्चों को पूरे देश में ले जाया जाए। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में काशी की भूमिका अग्रणी रहेगी। "हमें काशी की ऊर्जा और गति बनाए रखनी है, ताकि भव्य काशी, समृद्ध काशी का सपना साकार हो सके।

### काशी अब पूर्वांचल की स्वास्थ्य राजधानी बन गई

पीएम ने कहा कि काशी अब स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में भी पूर्वांचल की स्वास्थ्य राजधानी बन गई है। पहले इलाज के लिए मुंबई जाना पड़ता था, लेकिन अब शहर में ही अत्याधुनिक अस्पताल, कैंसर सेंटर, आयुष्मान भारत और जन औषधि केंद्रों से लोगों को राहत मिल रही है। काशी में रहना, काशी आना और यहां जीना अब सबके लिए विशेष अनुभव बन गया है। प्रधानमंत्री ने बताया कि शहर में सड़कों, गैस पाइपलाइन, स्टेडियम, और रोपवे जैसे कई बड़े प्रोजेक्ट तेजी से पूरे हो रहे हैं।

### इससे आर्थिक और अन्य गतिविधियों को नया बल मिला

उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्ष में उत्तर प्रदेश में तीर्थाटन और पर्यटन से आर्थिक गतिविधियों को नया बल मिला है। पिछले वर्ष 11 करोड़ श्रद्धालु बाबा विश्वनाथ के दर्शन करने आए, जबकि अयोध्या में राम मंदिर बनने के बाद 6 करोड़ से अधिक लोग रामलला के दर्शन कर चुके हैं। इससे यूपी की अर्थव्यवस्था को हजारों करोड़ का लाभ हुआ और लाखों लोगों को रोजगार मिला।

दिल्ली हाईकोर्ट की अहम टिप्पणी

# रेप पीड़िता के पूर्व चरित्र को नहीं बनाएं बचाव की ढाल



दिल्ली हाईकोर्ट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली हाई कोर्ट ने अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि बलात्कार के मामलों में पीड़िता के चरित्र (चाहे वह कितना भी दागदार क्यों न हो) को उसके खिलाफ हथियार नहीं बनाया जा सकता।

जस्टिस अमित महाजन की पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि यहां तक कि जो महिला या युवती कुछ पैसे के बदले किसी व्यक्ति के साथ जाती है वह भी दुष्कर्म की शिकार हो सकती है। पीठ ने यह टिप्पणी एक बलात्कार के आरोपी की याचिका पर सुनवाई करते हुए की, जिसने अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद्द करने की मांग की थी। आरोपी एक विवाहित व्यक्ति है, जिस पर शादी का झूठा वादा करके बलात्कार व अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने का आरोप लगा है।

### ड्रिंक में कुछ मिलाकर यौन उत्पीड़न किया

शिकायतकर्ता महिला ने आरोप लगाया है कि आरोपी ने उसकी ड्रिंक में कुछ मिलाकर उसे यौन उत्पीड़न का शिकार बनाया। उसके बाद भी आरोपी ने उससे शादी का झूठा वादा कर के शारीरिक संबंध बनाना जारी रखा।महिला ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी ने उससे लगभग 8 लाख रुपए ले लिए और 10 लाख और मांगे। साथ ही धमकी दी कि यदि वह राशि नहीं देती है तो वह उसकी तस्वीरें और वीडियो वायरल कर देगा।आरोपी ने महिला के चरित्र पर सवाल उठाते हुए दलील दी कि वह खुद पहले भी इसी तरह के आरोपों पर मामला दर्ज करा चुकी है, जिसमें आरोपी बरी हो चुका है। महिला अनैतिक देहव्यापार के तहत भी एक मामले में फंसी थी। आरोपी का दावा था कि महिला ने खुद कहा था कि वह शारीरिक संबंध के लिए पैसे की मांग करती है।

### चरित्र का गलत लाभ न उठाया जाए

इस मामले में दिल्ली हाई कोर्ट की पीठ ने सुनवाई करते हुए कहा कि महिला के चरित्र को ढाल बनाकर कोई उसके साथ अपराध को अंजाम नहीं दे सकता है। फिर चाहे उस महिला चरित्र पूर्व में कितना भी दागदार क्यों ना रहा हो। किसी आरोपी को यह अधिकार नहीं दिया जा सकता है कि वह किसी महिला के चरित्र का गलत लाभ उठाए या ऐसी कोशिश करे।

वित्त मंत्री सीतारमण ने रखी नींव

## असम को मिला पहला टेक्निकल और वोकेशनल विश्वविद्यालय

एजेंसी ⏭ गुवाहाटी

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने असम के पहले तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा पर केंद्रित विश्वविद्यालय की आधारशिला रखी। इसका नाम शहीद कनकलता बरुआ राज्य विश्वविद्यालय रखा गया है। यह बिस्वनाथ जिले के गोहपुर के भोलागुड़ी क्षेत्र में लगभग 415 करोड़ की लागत से बनेगा। इसका क्षेत्रफल 241 एकड़ होगा, करीब 7 लाख वर्ग फीट का निर्मित क्षेत्र शामिल रहेगा। 2,000 छात्रों के लिए शैक्षणिक भवन, 1,620 छात्रों के लिए हॉस्टल, आवासीय क्वार्टर,



विवि की आधारशिला रखतीं सीतारमण

गेस्ट हाउस और स्टूडेंट फैसिलिटी सेंटर होंगे। इसमें एआई, मशीन लर्निंग, साइबर सिक्योरिटी, ब्लॉकचेन, ड्रोन और नेविगेशन टेक्नोलॉजी, क्वांटम कंप्यूटिंग, ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसे कोर्स होंगे।

परप्पाना अग्रहारा सेंट्रल जेल में सुरक्षा में लापरवाही उजागर

# यहां कैदियों की मोबाइल-टीवी संग कट रही सजा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सबेंगलुरु की परप्पाना अग्रहारा सेंट्रल जेल में सुरक्षा में भारी लापरवाही और कुछ कैदियों को मिल रही विशेष सविधाओं के आरोप सामने आए हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में कई खतरनाक अपराधी मोबाइल फोन चलाते और टीवी देखते नजर आए। वीडियो में सीरियल रेपिस्ट और किलर उमेश रेड्डी को जेल के अंगर दो एंड्रॉयड और एक कीपैड मोबाइल फोन इस्तेमाल करते हुए देखा गया। बताया गया है कि जेल स्टाफ को इसकी जानकारी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उसके बैरक में टीवी भी लगा देखा गया।

### रेपिस्ट को फोन चलाते और खाना बनाते देखा गया



सीरियल रेपिस्ट, किलर उमेश रेड्डी फोन पर बात करता हुआ।

### मोस्ट वांटेड आतंकी को भी मिल रहीं सुविधाएं

यह बात भी सामने आई है कि आईएसआईएस के मोस्ट वांटेड आतंकी जुहाद हामिद शकील मन्ना को भी जेल में वीआईपी सुविधाएं मिल रही हैं। वह आईएसआईएस आतंकी संगठन में शामिल होने के लिए युवाओं की भर्ती कर रहा था। जेल में उसे एक स्मार्टफोन दिया गया है। वह जेल में शाही अंदाज में फोन का इस्तेमाल करता देखा गया है। इसके साथ ही, यह भी संदेह पैदा हो गया है कि क्या परप्पना अग्रहारा जेल आतंकियों की पनाहगाह बन गई है।

### कर्नाटक सरकार करेगी सख्त कार्रवाई

तरुण राजू को उस समय पकड़ा गया था जब वह जिनेवा भागने की कोशिश कर रहा था। वीडियो सामने आने के बाद कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि सरकार इस पूरे मामले की जांच करवाएगी और जेल अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### रेड्डी 20 महिलाओं से रेप का आरोपी

उमेश रेड्डी को 1996 से 2002 के बीच 20 महिलाओं से रेप और 18 हत्या के मामलों में दोषी ठहराया गया था। उसे पहले मौत की सजा हुई थी, लेकिन 2022 में सुप्रीम कोर्ट ने इसे 30 साल की सजा (बिना रियायत) में बदल दिया था। रेड्डी ने मानसिक बीमारी का दावा किया था, पर मेडिकल रिपोर्ट में वह मानसिक रूप से स्वस्थ पाया गया।एक और वीडियो में तरुण राजू नाम के आरोपी को फोन इस्तेमाल करते और जेल में खाना बनाते देखा गया। तरुण राजू रान्या गोल्ड स्मगलिंग केस में गिरफ्तार हुआ था। बताया जाता है कि वह दुबई से सोने की तस्करी का नेटवर्क चलाता था जिसमें रान्या राव का भी नाम जुड़ा था।

**भारत की महिला क्रिकेट टीम ने आईसीसी महिला वर्ल्ड कप जीतकर न केवल खेल के मैदान में बल्कि देश के हर घर में गर्व, प्रेरणा और आत्मविश्वास का संचार किया है। यह विजय भारतीय खेल इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है, एक ऐसा क्षण जिसने यह साबित कर दिया कि अब महिला खिलाड़ी किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं हैं। यह जीत केवल एक ट्रॉफी नहीं, बल्कि भारतीय नारी शक्ति की नई परिभाषा है। इस ऐतिहासिक जीत ने भारत की लाखों लड़कियों के दिलों में एक नया सपना जगाया है। जहां कभी क्रिकेट को पुरुषों का खेल माना जाता था, आज के बाद महिला क्रिकेट को भी बराबर का दर्जा दिया जाना चाहिए। 1983 की कपिल देव की टीम की तरह ही उन्होंने सिद्ध किया कि उनमें जोश जज्बे और देश के लिए कुछ करने के माद्दे की कमी नहीं है। अवसर को कैसे बनाया जाए इसकी मिसाल दी युवा बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने, उनकी आक्रामक बल्लेबाजी, अनुभवी स्मृति मंधाना की सधी हुई पारी और हरमनप्रीत कौर की कप्तानी, मिताली का कैच, रेणुका सिंह ठाकुर की गेंदबाजी का जिक्र तो होगा ही, सबसे ज्यादा जिक्र होगा इन खिलाड़ियों की टीम स्पिरिट और खेल भावना के नायाब प्रदर्शन का। महिला क्रिकेट के संघर्ष और सफलता का विश्लेषण करता *आजकल* का यह खास अंक...**

# मुबारक हो उपेक्षित रात की स्वर्णिम सुबह



**विश्लेषण**

डॉ. घनश्याम बादल

स्वतंत्र पत्रकार

**भारत की महिला क्रिकेट खिलाड़ियों ने अफ्रीका की मजबूत क्रिकेट टीम को 52 रन के भारी अंतर से हराकर आईसीसी महिला विश्व क्रिकेट कप पर ही कब्जा नहीं किया अपितु यह सिद्ध किया है कि अब भारत की लड़कियां दुनिया के किसी हिस्से की लड़कियों से कम नहीं हैं। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने आईसीसी महिला वर्ल्ड कप जीतकर न केवल खेल के मैदान में बल्कि देश के हर घर में गर्व, प्रेरणा और आत्मविश्वास का संचार किया है। एक ऐसा क्षण जिसने यह साबित कर दिया कि अब महिला खिलाड़ी किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं हैं।**

दो नवंबर 2025 की रोशन रात भारतीय खेल जगत की एक ऐतिहासिक एवं स्वर्णिम घटना के रूप में याद की जाएगी जो भारत और यहां की लड़कियों तथा महिला खिलाड़ियों के लिए एक स्वर्णिम सुबह लेकर आई। यदि इस जीत को हमने देश के महिला जगत एवं खेल जगत के लिए एक अवसर के रूप में इस्तेमाल कर लिया तो आने वाली पीढ़ियों के लिए यह जीत यह एक 'टर्निंग प्वाइंट' सिद्ध होगी। भारत की महिला क्रिकेट खिलाड़ियों ने अफ्रीका की मजबूत क्रिकेट टीम को 52 रन के भारी अंतर से हराकर आईसीसी महिला विश्व क्रिकेट कप पर ही कब्जा नहीं किया अपितु यह सिद्ध किया है कि अब भारत की लड़कियां दुनिया के किसी हिस्से की लड़कियों से कम नहीं हैं।

भारत की महिला क्रिकेट टीम ने आईसीसी महिला वर्ल्ड कप जीतकर न केवल खेल के मैदान में बल्कि देश के हर घर में गर्व, प्रेरणा और आत्मविश्वास का संचार किया है। यह विजय भारतीय खेल इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है, एक ऐसा क्षण जिसने यह साबित कर दिया कि अब महिला खिलाड़ी किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं हैं। यह जीत केवल एक ट्रॉफी नहीं, बल्कि भारतीय नारी शक्ति की नई परिभाषा है।



## खेल से मंत्रमुग्ध किया

पूरे टूर्नामेंट में भारतीय महिला टीम ने अपने खेल से मंत्रमुग्ध किया। कप्तान हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व में टीम ने हर चुनौती, हार-जीत और उतार चढ़ाव का डटकर सामना किया और लीग चरण से लेकर फाइनल तक अपनी रणनीति, अनुशासन और टीम भावना के बल पर देश को विश्व चैंपियन बनाया। इस विश्व कप के फाइनल में जीत का परचम लहराने वाली इन लड़कियों का सामना हार से भी हुआ और वह लगातार तीन मैच ऑस्ट्रेलिया इंग्लैंड तथा दक्षिण अफ्रीका से हारी। जब वह हार रही थीं तब शायद ही किसी ने सोचा होगा कि ये शेरनियां पलट कर ऐसा वार भी कर सकती हैं। 1983 की कपिल देव की टीम की तरह ही उन्होंने सिद्ध किया कि उनमें जोश जज्बे और देश के लिए कुछ करने के माद्दे की कमी नहीं है। अवसर को कैसे बनाया जाए इसकी मिसाल दी युवा बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने, उनकी आक्रामक बल्लेबाजी, अनुभवी स्मृति मंधाना की सधी हुई पारी और हरमनप्रीत कौर की कप्तानी, मिताली का कैच, रेणुका सिंह ठाकुर की गेंदबाजी का जिक्र तो होगा ही, सबसे ज्यादा जिक्र होगा इन खिलाड़ियों की टीम स्पिरिट और खेल भावना के नायाब प्रदर्शन का। सेमीफाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया जैसी दिग्गज टीम को हराना ऐतिहासिक था।

## टीम का जज्बा और संकल्प

फाइनल में 52 रन की बड़ी जीत इस टीम के जज्बे और संकल्प को रेखांकित करती है। इस मैच में भारतीय टीम ने न केवल तकनीकी श्रेष्ठता बल्कि मानसिक दृढ़ता का परिचय दिया। हर खिलाड़ी ने टीम की सफलता में योगदान दिया, चाहे वह फील्डिंग में चपलता हो या आखिरी ओवरों में दबाव झेलने की क्षमता। इस विजय का सबसे बड़ा कारण टीम स्पिरिट और आपसी विश्वास था। हर खिलाड़ी ने अपनी भूमिका को बखूबी समझा और व्यक्तिगत उपलब्धियों से अधिक टीम की जीत को प्राथमिकता दी। इस टीम के कोच और देश के अंदरूनी क्रिकेट के सचिन तेंदुलकर कहे जाने वाले अनमोल मजूमदार की कभी नीली जर्सी ना पहन पाने की टीस भी इन लड़कियों ने खत्म कर दी। उनकी कोचिंग,कोचिंग स्टाफ और सपोर्ट टीम की भी खिलाड़ियों को मानसिक रूप से तैयार करने में अहम भूमिका रही। टीम की यह एकजुटता और सामूहिक प्रयास उस परंपरा का प्रतीक है जिसमें सामूहिक सफलता को सर्वोच्च माना जाता है। महिला खिलाड़ियों ने यह दिखा दिया कि सफलता केवल व्यक्तिगत प्रतिभा से नहीं, बल्कि सामूहिक समर्पण और एक-दूसरे पर भरोसे से हासिल होती है। इस ऐतिहासिक जीत ने भारत की लाखों लड़कियों के दिलों में एक नया सपना जगाया है। जहां कभी क्रिकेट को पुरुषों का खेल माना जाता था, आज के बाद महिला क्रिकेट को भी बराबर का दर्जा दिया जाना चाहिए। इसमें दो राय नहीं कि सरकार और समाज तथा प्रमोटर पैसे की बारिश कर सकते हैं लेकिन सबसे ज्यादा जरूरत है।

## सामाजिक मानसिकता बदलेगी

'बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ' की तर्ज पर ही 'बेटी खिलाओ, बेटी बढ़ाओ' जैसे अभियान यथार्थ के धरातल पर चलाए जाने चाहिए। बेशक, यदि सब ठीक रहे तो यह जीत सामाजिक मानसिकता में बड़ा परिवर्तन लाएगी। अब माता-पिता अपनी बेटियों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। महिला खेल अकादमियों की स्थापना व वृद्धि के साथ वहां की दशा एवं दिशा दोनों में सुधार की गति को बढ़ाना होगा। उम्मीद करनी चाहिए कि यह जीत इन प्रयासों को और गति देगी। विश्व चैंपियन बनने के साथ ही भारतीय महिला क्रिकेट एक नए युग में प्रवेश कर चुका है। यह विजय न केवल खिलाड़ियों के आत्मविश्वास को बढ़ाएगी बल्कि महिला क्रिकेट के बुनियादी ढांचे को भी सुदृढ़ करेगी और विश्व कप की जीत से इसकी लोकप्रियता और निवेश दोनों में वृद्धि होगी, ऐसी उम्मीद करना अनुचित नहीं होगा।

## सरकार को देना होगा ध्यान

नए स्पॉन्सर, बेहतर प्रशिक्षण सुविधाएं, और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अधिक मैचों की संभावना आने वाले वर्षों में भारत को विश्व की सबसे मजबूत महिला क्रिकेट संरचनाओं में से एक बना सकता है। महिला क्रिकेट की इस अभूतपूर्व सफलता को बनाए रखने के लिए सरकार और समाज दोनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। सरकार को चाहिए कि वह महिला खिलाड़ियों को उचित आर्थिक सहायता, विश्वस्तरीय प्रशिक्षण केंद्र और खेल उपकरण उपलब्ध कराए। ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों में महिला क्रिकेट अकादमियों की स्थापना से नई प्रतिभाओं को मौका मिलेगा। साथ ही, खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स कोटा के तहत नौकरियों और प्रोत्साहनों से सम्मानित करना चाहिए ताकि वे आर्थिक रूप से सुरक्षित रहते हुए अपने खेल पर पूरा ध्यान दे सकें। मीडिया और निजी क्षेत्र को भी महिला क्रिकेट को उसी स्तर की पहचान देनी चाहिए जैसी पुरुष क्रिकेट को दी जाती है। यह ट्रॉफी भारत के लिए केवल एक खेल उपलब्धि नहीं, बल्कि सामाजिक सशक्तिकरण का प्रतीक है। इस जीत ने यह संदेश दिया है कि यदि अवसर मिले तो भारतीय महिलाएं किसी भी क्षेत्र में विश्व विजेता बन सकती हैं।

मगर याद यह भी रखना होगा कि जीत की परंपरा कायम रखना भी एक बड़ी जिम्मेदारी होगी। इसलिए इससे खुश होने के साथ-साथ इसे बरकरार रखने के लिए कड़े परिश्रम की भी ज़रूरत होगी।

# क्रिकेट के आकाश पर छाई भारत की बेटियां



**जय हो**

रोहित माहेश्वरी

स्वतंत्र पत्रकार

नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में भारत और दक्षिण अफ्रीका की महिला क्रिकेट टीमों के बीच वनडे क्रिकेट वर्ल्ड कप फाइनल मुकाबला खेला गया। इसमें टीम इंडिया ने मेहमान टीम को 52 रनों से हराकर इतिहास रच दिया है। इंडियन विमेंस क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में भारत ने ये करिश्मा करके दिखाया है। इसका जश्न आज पूरा भारत मना रहा रहा है। भारत की बेटियों की जय हो! वाह, क्या खेल दिखाया है? क्या जुझारू पारी और एकाग्रता की मिसाल कायम की है? विश्व कप में भारत की बेटियों ने जो खेल खेला है, वह वाकई अद्भुत, अप्रत्याशित, अभूतपूर्व, अकल्पनीय, अतुलनीय है! यह सिर्फ एक जीत नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों के दिलों में बसी उम्मीदों का चरमोत्कर्ष था। यह आधी आबादी को संबल देने वाली जीत है जो नजीर बन गई उनके लिए जो एक मुकाम हासिल करना चाहती हैं। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच रोमांचक फाइनल मुकाबले पर हर किसी की नजरें बनी हुई थीं। 25 साल के विमेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप के इतिहास में एक बार फिर से महिला क्रिकेट टीम के सामने एक सुनहरा मौका था और उन्होंने इसमें बाजी मारते हुए विश्वे विजेता बनकर देश का मान और गौरव बढ़ा दिया है। विमेंस क्रिकेट वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में भारत ने साउथ अफ्रीका जीत के लिए 299 रनों का बड़ा लक्ष्य दिया, जिसके जवाब में पूरी मेहमान टीम 45.3 ओवर में 246 रनों पर सिमट गई और 52 रनों से टीम इंडिया ने ये मैच जीत लिया। भारत और हम भारतीयों को अपेक्षाएं ही नहीं थीं। हमने महिला क्रिकेट तो क्या, महिला खिलाडियों को कभी गंभीरता से नहीं लिया। फाइनल मैच से पहले सेमीफाइनल में भारत की बेटियों ने जो करिश्मा कर दिखाया। उसकी बात करना जरूरी जान पड़ता है। असल में वो मैच निर्णायक मैच तो था ही। वहीं उस मैच में मिली जीत ने टीम इंडिया के आत्मविश्वास का स्तर बहुत ऊंचा कर दिया था। महिला टीम इंडिया ने 7 बार की विश्व चैम्पियन और लगातार 15 मैचों की अजेय ऑस्ट्रेलिया टीम को पराजित कर विश्व कप के फाइनल में प्रवेश किया,वो पल खेल के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हो गए। ऑस्ट्रेलिया की टीम ने ग्रुप स्तर पर टीम इंडिया के 330 रनों का सफल चेज कर जीत हासिल की थी। लिहाजा सेमीफाइनल मुकाबले में किसी अतिरिक्त करिश्मे की उम्मीद नहीं थी, लेकिन जेमिमा रोड्रिग्स के रूप में मानो कोई फरिश्ता उतर आया और उसने अभूतपूर्व करिश्मा कर दिखाया। जेमिमा को इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबले में 'ड्रॉप' किया गया था। जेमिमा की फॉर्म भी अच्छी नहीं थी। हालांकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसने 70 से अधिक रन ठोके थे। सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने 338 रन का पहाड़-जैसा लक्ष्य दिया था। जवाब में जब टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज-शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना-अपेक्षाकृत कम स्कोर पर आउट हो गए, तो भारत की पारी डूबती-सी लगी। उन स्थितियों में जेमिमा ने नाबाद 127 रन (134 गेंद, 14 चौके) बनाकर न केवल विश्व कप का अपना पहला शतक लगाया, बल्कि कप्तान हरमनप्रीत कौर (88 गेंद पर 89 रन) के साथ तीसरे विकेट की साझेदारी में 167 रन (156 गेंद) बना कर 'पहाड़' की ऊंचाई को एक हद तक कम कर दिया।

**विश्व कप में भारत की बेटियों ने जो खेल खेला है, वह वाकई अद्भुत, अप्रत्याशित, अभूतपूर्व, अकल्पनीय, अतुलनीय है! यह 140 करोड़ भारतीयों के दिलों में बसी उम्मीदों का चरमोत्कर्ष था।**

जेमिमा ने दीप्ति शर्मा के साथ 38 रन (34 गेंद), ऋचा घोष के साथ 46 रन (31 गेंद) और अमनजोत कौर के साथ नाबाद 31 रन (15 गेंद) जोड़े और एक अविश्वसनीय-सी लग रही जीत पर मुहर लगा दी। विश्व कप का यह सबसे बड़ा और सफल चेस रहा। भारत ने 1978 में पहली बार महिला विश्व कप में हिस्सा लिया था। 2005 व 2017 में मिताली राज की कप्तानी में भारत फाइनल तक पहुंचा, पर दोनों बार ट्रॉफी हाथ से फिसल गई। आखिरकार हरमनप्रीत की कप्तानी में टीम विश्व विजेता बन गई। महिला टीम की यह पहली आईसीसी ट्रॉफी है। यह जीत सिर्फ मैदान की नहीं, बल्कि मानसिकता की जीत है। अब गांव-शहर की लड़कियां क्रिकेट को करियर के रूप में देखेंगी। माता-पिता भी बेटियों को खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। 'लड़की होकर क्रिकेट' जैसी पुरानी सोच को यह जीत हमेशा के लिए बदल देगी। शेफाली, दीप्ति और हरमनप्रीत जैसी खिलाड़ी अब हर लड़की की प्रेरणा बनेंगी। कोहली, गिल की तरह ही अब हमारी लड़कियां भी नए हेयरस्टाइल, टैटू के साथ युवाओं के लिए नई सुपरस्टार और रोल मॉडल होंगी। यह ट्रॉफी सिर्फ एक खिताब नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, समान अवसर और नए भारत की नारी शक्ति का उदाहरण बन जाएगी।

# महिला क्रिकेट टीम ने रचा विश्व कप का नया इतिहास



**कीर्तिमान**

डॉ. प्रियंका सौरभ

स्वतंत्र पत्रकार

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर वर्ष 2025 का क्रिकेट विश्व कप जीत लिया है। यह जीत केवल एक ट्रॉफी नहीं, बल्कि उस अदम्य जज़्बे, संकल्प और संघर्ष का प्रतीक है जिसने वर्षों से भारतीय बेटियों को खेल के क्षेत्र में नई पहचान दिलाई है। यह क्षण हर भारतीय के लिए गर्व, उत्साह और प्रेरणा का है, क्योंकि यह सिर्फ मैदान की जीत नहीं, बल्कि मानसिकता की भी जीत है। भारतीय महिला क्रिकेट का यह गौरवशाली अध्याय उस लंबे सफर का परिणाम है, जो संघर्ष, सीमित संसाधनों और सामाजिक बाधाओं के बीच शुरू हुआ था। एक समय ऐसा भी था जब महिला क्रिकेट को गम्भीरता से नहीं लिया जाता था, न दर्शक होते थे, न प्रायोजक। लेकिन समय बदला, और इन बेटियों ने अपने खेल, समर्पण और प्रतिभा के बल पर पूरी दुनिया को दिखा दिया कि खेल का मैदान किसी एक लिंग की बपौती नहीं है। आज जब भारत विश्व कप जीतकर विश्व का सिरमौर बना है, तो यह जीत हर उस बेटी की आवाज़ है जिसने अपने सपनों को समाज की बंदिशों से ऊपर रखा। यह जीत केवल एक खेल प्रतियोगिता की विजय नहीं है, बल्कि यह उस मानसिक परिवर्तन का प्रतीक है जो भारत में महिलाओं की स्थिति और दृष्टिकोण को लेकर हो रहा है। कभी जिन बेटियों को कहा जाता था कि "खेल लड़कियों का काम नहीं", वही आज विश्व चैंपियन बनी खड़ी हैं।

**यह जीत केवल एक खेल प्रतियोगिता की विजय नहीं है, बल्कि यह उस मानसिक परिवर्तन का प्रतीक है जो भारत में महिलाओं की स्थिति और दृष्टिकोण को लेकर हो रहा है।**

इस जीत ने समाज को यह संदेश दिया है कि अगर अवसर मिले तो भारतीय महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं। आज ये खिलाड़ी सिर्फ खेल नहीं रही हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक नया रास्ता तैयार कर रही हैं। भारतीय महिला क्रिकेट टीम का यह गौरवशाली प्रदर्शन वर्षों के परिश्रम का परिणाम है। महिला आईपीएल ने खिलाड़ियों को मंच और आत्मविश्वास दोनों दिया। छोटे शहरों और कस्बों से आने वाली खिलाड़ी जैसे कि प्रतीका रावल, हरलीन देओल, जेमिमा रोड्रिग्स, स्नेह राणा, राधा यादव और रेणुका ठाकुर ने दिखा दिया कि प्रतिभा किसी भौगोलिक सीमा की मोहताज नहीं होती। इन खिलाड़ियों ने न केवल मैदान में बल्कि देश के हर घर में प्रेरणा की नई कहानी लिख दी है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और खेल मंत्रालय ने पिछले कुछ वर्षों में महिला क्रिकेट को लेकर जो नीतिगत बदलाव किए हैं, वे इस सफलता की बुनियाद बने। समान वेतन नीति ने खिलाड़ियों को आत्म-सम्मान दिया, जबकि बेहतर कोचिंग सुविधाएँ और घरेलू टूर्नामेंट्स ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार किया। यह देखना सुखद है कि अब महिला क्रिकेट को भी वही सम्मान और प्रसारण मिल रहा है जो पुरुष टीम को मिलता है।



मोनिका डागा

# जीत के जश्न का दमदार आगाज

नई ऐतिहासिक जीत के जश्न का दमदार आग़ाज किया है,
घर में छुपी बंद मुस्कुराहटों को बिखेरने का साज़ दिया है,
बेटियों ने बेटियों को भविष्य का एक सुंदर ख़्वाब दिया है,
बुलंद हौसलों से कठिनाइयों को मुँह तोड़ ज़वाब दिया है।

तोड़कर बंदिशें तपस्या से दृढ़ संकल्प को संजीव किया है,
प्रतिभाशाली व्यक्तिव से जड़ों को मजबूत अतीव किया हैं
ख़्वाबों को हक़ीक़त की धरातल पर श्रम से रंगीन किया है,
खुशियों के आँसू दे धड़कनों को आनंद यूं नवीन दिया हैं।

पैनी नजर लक्ष्य की पकड़ संग धैर्य का समावेश किया है,
हार को जीत में ढालना है संभव श्रेष्ठतम परिवेश दिया हैं,
आत्म विश्वास और उत्साह की किरणों का प्रकाश दिया हैं,
अरबों आंखों में पल रहे रंगीन सपनों को आकाश दिया है।

सर्पीले रास्तों पर पसीने का चमकता शीतल चंदन दिया है,
भारत का ही नहीं विश्व की धड़कनों को नया स्पंदन दिया है,
संगठन की ताकत और समर्पण का जज़्बा प्रस्तुत किया है,
जीत कर वूमेन्स वर्ल्ड कप अलग उदाहरण अद्भुत दिया हैं।

खुद पर करना होगा यकीं ऐसा महत्वपूर्ण अभ्यास दिया हैं,
जोर शोर हिलोर मचाने को रचने को नया इतिहास दिया है,
नीली जर्सी में बेटियों ने शानदार जीत को अंजाम दिया हैं,
दबी चाहतों को अर्जुन के तीर सा लक्ष्यभेदी पैगाम दिया हैं।

## म्हारी छोरियां, छोरों से कम नहीं...




# इनामों की बरसात

आईसीसी महिला विश्व कप में भारतीय टीम की जीत के बाद से ही देश में जश्न है और लोग बेटियों को बधाई देते नहीं थक रहे हैं. इस जीत के साथ ही भारतीय टीम पर लगातार इनामों की बरसात हो रही है।

- बीसीसीआई ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम को सम्मान के तौर पर 51 करोड़ रुपये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है। इसमें सभी खिलाड़ी, सहयोगी स्टाफ और राष्ट्रीय चयन समिति के सदस्य शामिल हैं।
- मध्यप्रदेश सरकार ने टीम की सदस्य क्रांति गौड़ को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए एक करोड़ रुपये का इनाम देने की घोषणा की है।
- हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने तेज गेंदबाज रेणुका ठाकुर को 1 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि देने का ऐलान किया।
- रियल एस्टेट कंपनी ओमैक्स लिमिटेड ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमन प्रीत कौर को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है।
- उत्तर प्रदेश में दीप्ति शर्मा को उपाधीक्षक बनाया गया है।

# भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने लिख डाली नई गौरव-गाथा



**विश्व कप क्रिकेट**

सुनील कुमार महला

स्वतंत्र पत्रकार

दो नवंबर 2025 का दिन अपने-आप में ऐतिहासिक बन गया और हम सभी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। दरअसल, इस दिन हमारे देश की महिला क्रिकेट टीम 'विश्व विजेत्री' बन गई। रविवार को नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में भारत ने पहले भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में सात विकेट पर 298 रन बनाए तथा जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 45.3 ओवर में 246 रन पर ऑलआउट हो गई। इस मैच में साउथ अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वार्ट ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी थी, लेकिन भारत ने यह मुकाबला 52 रन से जीत लिया और पहली बार महिला टीम वनडे विश्व कप का खिताब जीतने में कामयाब रही। हालांकि,लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वूलवार्ट ने अकेले दम पर लड़ाई लड़ी। उन्होंने दबाव में रहते हुए भी शानदार बल्लेबाजी की और लगातार दूसरा शतक जड़ते हुए 101 रन बनाए। कहना ग़लत नहीं होगा कि उनकी पारी ने मैच को काफ़ी रोमांचक बनाए रखा, लेकिन उन्हें दूसरे छोर से पर्याप्त समर्थन नहीं मिल सका। इधर, हरमनप्रीत कौर ने भारतीय टीम का नेतृत्व किया और अब वह कपिल देव, एमएस धोनी और रोहित शर्मा जैसे महान कप्तानों की श्रेणी में शामिल हो गई हैं, विशेष बधाई और शुभकामनाएं। वास्तव में, यह दर्शाता है कि आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरूषों से कम नहीं हैं। आज हमारे देश की महिलाएं हर क्षेत्र में कीर्तिमान पर कीर्तिमान स्थापित कर रहीं हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो आज महिला सशक्तीकरण हो रहा है।

## महिलाएं हर क्षेत्र में आगे

सच तो यह है कि आज महिलाएं जीवन के हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। वे राजनीति, विज्ञान, शिक्षा, खेल, रक्षा, अंतरिक्ष और उद्योग जगत तक में उत्कृष्ट योगदान दे रही हैं। और तो और तकनीकी और चिकित्सा क्षेत्र में भी उनकी भूमिका तेजी से बढ़ी है। यह साबित करता है कि महिलाएं अब सीमाओं को तोड़कर हर क्षेत्र में अग्रणी बन चुकी हैं। हम यहां यह बात खुले दिल से कह सकते हैं कि महिला सशक्तीकरण का स्वर अब क्रिकेट के मैदानों में भी गूंजने लगा है। आज भारतीय महिला खिलाड़ी अपने प्रदर्शन से विश्वभर में देश का नाम रौशन कर रही हैं। खेल के माध्यम से



**महिला सशक्तीकरण का स्वर अब क्रिकेट के मैदान में भी गूंजने लगा है। आज भारतीय महिला खिलाड़ी अपने प्रदर्शन से विश्वभर में आत्मविश्वास, नेतृत्व और स्वतंत्र सोच का परिचय दे रही हैं।**

महिलाएं आत्मविश्वास, नेतृत्व और स्वतंत्र सोच का परिचय दे रही हैं। जहां तक क्रिकेट की बात है तो, क्रिकेट भी अब सिर्फ पुरुषों का खेल नहीं रहा है, बल्कि यह अब समान अवसर और सम्मान का प्रतीक बन गया है। यह बदलाव समाज में महिलाओं की बढ़ती ताकत और उनकी नई पहचान का सशक्त उदाहरण है। बताते चलें कि 25 जून 1983 को कपिल देव के नेतृत्व में भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम ने इतिहास रचते हुए पहली बार क्रिकेट विश्व कप जीतकर देश का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया था। वही इतिहास अब दोबारा लिखा गया है, पर इस बार बल्ला थामा हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका को करारी शिकस्त देकर विश्व क्रिकेट में एक नया स्वर्ण अध्याय जोड़ दिया है।

## भारतीय नारी शक्ति की जीत

यह जीत सिर्फ एक खेल की जीत नहीं, बल्कि भारतीय नारी शक्ति की उड़ान का प्रतीक है। हर महिला खिलाड़ी ने मैदान पर ऐसा जज़्बा दिखाया, मानो 1983 की आत्मा फिर से जीवित हो उठी हो। करोड़ों भारतीयों के दिलों में गर्व और खुशी का सैलाब उमड़ पड़ा है। महिला क्रिकेट की यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगी कि मेहनत और हौसले से कोई भी सपना असंभव नहीं। अब भारत न केवल पुरुष क्रिकेट का, बल्कि महिला क्रिकेट का भी विश्व विजेता बन चुका है। कहना ग़लत नहीं होगा कि वास्तव में यह सच्चे अर्थों में 'नए भारत' का गौरव क्षण है। इस खिताबी जीत में शेफाली वर्मा और दीप्ति शर्मा का अहम योगदान रहा। रोहतक की शेफाली ने पहले 78 गेंद पर 87 रन बनाए और फिर बाद में अपनी फिरकी का जादू चलाते हुए शीर्ष पांच में से दो साउथ अफ्रीकी बैटर्स के विकेट भी निकाले। दीप्ति शर्मा ने 58 रन बनाए और शानदार गेंदबाजी करते हुए अपनी ऑफ-स्पिन से 39 रन देकर 5 विकेट भी लिए। वास्तव में सच तो यह है कि भारतीय जीत की वास्तुकार बनीं ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा।

उन्होंने ही निर्णायक क्षणों में शतकवीर वूलवार्ट का विकेट लिया, जिससे दक्षिण अफ्रीका की उम्मीदें टूट गईं। उनकी इस जादुई गेंदबाजी ने टीम इंडिया की जीत सुनिश्चित की। शेफाली वर्मा को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया, जबकि दीप्ति शर्मा को 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' चुना गया। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऐतिहासिक जीत से देशभर में महिलाओं के खेल के प्रति नजरिया और भी सकारात्मक होगा। यह जीत न केवल खिलाड़ियों के आत्मविश्वास को नई ऊँचाइयाँ देगी, बल्कि आने वाली पीढ़ी की लड़कियों को भी खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। दूसरे शब्दों में कहें तो यह जीत देश भर में महिला क्रिकेट के प्रति जागरूकता और समर्थन को भी बढ़ाएगी। उम्मीद है कि इस सफलता से महिला क्रिकेट को और अधिक प्रोत्साहन मिलेगा

## खबर संक्षेप



### 21 साल के राहुल वीएस बने भारत के 91वें ग्रैंडमास्टर

**नई दिल्ली।** भारतीय शतरंज खिलाड़ी राहुल वीएस छठी आसियान व्यक्तिगत चैंपियनशिप को एक राउंड शेष रहते हुए जीतकर देश के 91वें ग्रैंडमास्टर बन गए हैं। यह 21 वर्षीय खिलाड़ी एशियाई जूनियर चैंपियन भी है। वह 2021 में अंतरराष्ट्रीय मास्टर बने थे। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के अध्यक्ष नितिन नारंग ने लिखा, 'राहुल वीएस को एक राउंड शेष रहते आसियान व्यक्तिगत चैंपियनशिप जीतने और इस प्रक्रिया में देश के 91वें ग्रैंडमास्टर बनने पर हार्दिक बधाई। आपको आगे भी कई उपलब्धियां हासिल करने और भारत को गौरवान्वित करने में निरंतर सफलता हासिल करने के लिए शुभकामनाएं देता हूं।' फिलीपीन्स में आसियान व्यक्तिगत चैंपियनशिप में राहुल ने जीत हासिल करके अपना अंतिम ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल किया। वह पिछले दो सप्ताह के अंदर ग्रैंडमास्टर बनने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी हैं। उनसे पहले युवा खिलाड़ी इलमपर्थी एआर ने 30 अक्टूबर को यह उपलब्धि हासिल की थी।

### एशेज सीरीज का प्रबल दावेदार ऑस्ट्रेलिया : वुड



**पर्थ।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया आगामी एशेज श्रृंखला में प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा लेकिन उन्होंने कहा कि उनकी टीम भी इस महत्वपूर्ण मुकाबले के लिए आत्मविश्वास से भरी है। इंग्लैंड की टीम 2010-11 से ऑस्ट्रेलिया में श्रृंखला नहीं जीत पाई है और उसका लक्ष्य इस बार यह इंतजार खत्म करने का होगा। वुड ने कहा, 'ऑस्ट्रेलिया निश्चित रूप से श्रृंखला में प्रबल दावेदार है, लेकिन मुझे लगता है कि हमारी टीम में भी इस बात का आत्मविश्वास है कि हम यहां अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं।' मार्क वुड ने 15 महीनों से कोई टेस्ट मैच नहीं खेला है और वह फरवरी में चैंपियंस ट्रॉफी के बाद से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में भी नहीं खेले हैं। इस टूर्नामेंट के दौरान उन्हें घुटने में चोट लग गई थी। वह इंग्लैंड की गेंदबाजी योजनाओं का एक अहम हिस्सा हैं। उन्होंने कहा, 'मैं यह नहीं कहूंगा कि मैं शत प्रतिशत फिट हूं। मुझे लगता है कि अभ्यास के दौरान हमेशा अपना शत प्रतिशत देना बहुत मुश्किल है। मैं लंबे समय तक दौड़ नहीं लगा पाया था लेकिन धीरे-धीरे मैं अपनी क्षमता बढ़ाने पर ध्यान दे रहा हूं। मुझे विश्वास है कि मैं पहले टेस्ट मैच तक में खेलने के लिए पूरी तरह फिट हो जाऊंगा।'

### पंत को लगी चोट, फिर भी की बल्लेबाजी



**बेंगलुरु।** भारत 'ए' के कप्तान ऋषभ पंत ने दक्षिण अफ्रीका 'ए' के खिलाफ चार दिवसीय मैच के तीसरे दिन रिटायर्ड हर्ट होने के बाद बल्लेबाजी के लिए दोबारा मैदान पर उतरते ही चोट की चिंताओं को दूर कर दिया। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) के मैदान पर दिन के शुरुआती सत्र के अंतिम क्षणों में दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज शेपो मोराकी की गेंद पर तीन बार चोट लगने के बाद पंत को एहतियात के तौर पर मैदान से बाहर ले जाया गया। पंत जब रिटायर हर्ट हुए तब वह 22 गेंद में 17 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे थे। उनकी जगह ध्रुव जुरेल मैदान पर आए। उन्हें बाद में बाएं हाथ पर पट्टी बांधे देखा गया। पहली पारी में 24 रन बनाने वाले पंत को 14 नवंबर से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो रही दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है।

बारिश में धुला भारत और ऑस्ट्रेलिया का अंतिम टी20 मैच, टीम इंडिया ने जीती सीरीज

# अभिषेक ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड, सबसे तेज पूरे किए 1 हजार रन, बने दुनिया के पहले बल्लेबाज

एजेंसी ▶▶| ब्रिसबेन

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज का अंतिम मैच ब्रिसबेन में खेला गया। इस मुकाबले में बारिश आने से पहले ही अभिषेक शर्मा ने एक बड़ा वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया।

अभिषेक ने जैसे ही अपनी बैटिंग के दौरान 11वां रन बनाया तो वह दुनिया में टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे तेज एक हजार या उससे अधिक रन बनाने वाले पहले बैटर बन गए। ब्रिसबेन मुकाबले से पहले अभिषेक शर्मा के नाम 521 गेंदों में 989 रन दर्ज थे। लेकिन गाबा के मैदान में उन्होंने सात गेंद में जैसे ही 11 रन और बनाए तो उनके नाम वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज हो गया।

अभिषेक शर्मा ने 528 गेंद में 1 हजार रन पूरे किए और ऐसा करने वाले पहले बैटर बन गए हैं। जबकि इससे पहले 569 गेंद में टिम डेविड ने 1 हजार टी20 अंतरराष्ट्रीय रन पूरे किए थे। 573 गेंद में सूर्यकुमार यादव और 599 गेंद में इंग्लैंड के फिल साल्ट ने टी20 में एक हजार रन पूरे किए थे।

## अभिषेक ने 528 गेंदों में पूरे किए एक हजार रन




### अभिषेक का टी20 कॅरियर

भारत के लिए तूफ़ानी सलामी बैटर के रूप में जगह बनाने वाले अभिषेक शर्मा भारत के लिए अभी तक 29 टी20 मैचों में एक हजार से अधिक रन बना चुके हैं और वह 37 के करीब की औसत और 189 के धांसू स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी कर रहे हैं। अभिषेक शर्मा का तूफ़ानी अंदाज अगले साल 2026 टी20 वर्ल्ड कप में भारत के काफी काम आएगा। सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा को प्लेयर ऑफ द सीरीज घोषित किया गया। अभिषेक ने सीरीज में 163 रन बनाए। अभिषेक लगातार दूसरी सीरीज में प्लेयर ऑफ द सीरीज बने हैं। एशिया कप 2025 में भी वह प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे थे।

### बारिश के कारण मैच रद्द

अभिषेक शर्मा की बात करें तो वह चार मैचों में 140 रन बनाकर टॉप में चल रहे थे। इसके बाद अंतिम टी20 मैच में भी उनका बल्ला चला लेकिन बारिश आने से पहले पांच रन और 11 रन पर अभिषेक के दो कैच छूटे। दो जीवनदान मिलने के चलते अभिषेक शर्मा 13 गेंद में एक चौके और एक छक्के से 23 रन बनाकर नाबाद रहे तो शुभमन गिल भी 16 गेंद में छह चौके से 29 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत ने बारिश आने तक 4.5 ओवर में बिना विकेट गंवाए 52 रन बनाए थे। इसके तुरंत बाद ही भारी बारिश आ गई, जिससे मैच रद्द करना पड़ा।

### सबसे कम गेंदों पर 1 हजार रन बनाने वाले बल्लेबाज

528 गेंद - अभिषेक शर्मा
573 गेंद - सूर्यकुमार यादव
599 गेंद - फिल साल्ट
604 गेंद - ग्लेन मैक्सवेल
609 गेंद - आंद्रे रसेल/ फिन एलन

### सबसे कम पारियों में 1 हजार रन बनाने वाले भारतीय खिलाड़ी

27 पारी - विराट कोहली
28 पारी - अभिषेक शर्मा
29 पारी - केएल राहुल
31 पारी - सूर्यकुमार यादव
40 पारी - रोहित शर्मा

### 2008 के बाद ऑस्ट्रेलिया से नहीं गंवाई टी20 सीरीज

*भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार चौथी टी20आई सीरीज में जीत दर्ज की। साथ ही साथ भारत ने साल 2008 के बाद से ऑस्ट्रेलिया से कोई भी टी20 सीरीज नहीं गंवाई है। यही नहीं सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारत ने पहली बार ऑस्ट्रेलिया में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज खेली और इसमें भारत को शानदार जीत मिली।*

आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप

## इलावेनिल ने कांस्य और रविंदर ने स्वर्ण पदक जीता



एजेंसी ▶▶| काहिरा

दो बार की ओलंपियन इलावेनिल वालारिवान ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन दिखाया लेकिन कांस्य पदक ही जीत सकीं जबकि सेना के अनुभवी निशानेबाज रविंदर सिंह ने शनिवार को आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप (पिस्टल और राइफल) के पहले दिन 50 मीटर फ्री पिस्टल स्पर्धा में व्यक्तिगत स्वर्ण जीतकर भारत को गौरवान्वित किया। इलावेनिल (26 साल) फाइनल में बढ़त बनाने के बाद पोडियम में शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए अच्छी स्थिति में थीं लेकिन 19वें शॉट में 10.0 अंक से वह तीसरे स्थान पर खिसक गईं और यहीं से उनकी लय टूट गई। इसके बाद वह 22वें शॉट में 9.9 अंक ही बना सकी और 232 के स्कोर से तीसरे स्थान पर रहीं। दक्षिण कोरिया की बान ह्योजिन ने 255.0 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। चीन की वांग जिफेई 254.0 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। इलावेनिल, मेघना सज्जनार और श्रेया अग्रवाल की भारतीय महिला टीम ने 1893.3 के कुल स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता जबकि चीन (1901.7) और दक्षिण कोरिया (1899.9) ने क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीता।

# जुरेल ने ठोका शतक, पंत ने खेली तूफानी पारी भारत ए ने साउथ अफ्रीका को दिया 417 का टारगेट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंडिया ए के विकेटकीपर-बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने साउथ अफ्रीका ए के खिलाफ कमाल की बल्लेबाजी करते हुए दूसरी पारी में भी शतक लगा दिया। ध्रुव पहली पारी में भी शतक लगाकर नाबाद (137 रन) रहे थे और भारत को अच्छी स्थिति में पहुंचाने का काम किया था। ध्रुव जुरेल ने दूसरी पारी में भी टीम को मुसीबत से निकालने का काम किया और अपना शतक पूरा किया। ये उनका दूसरे टेस्ट मैच में साउथ अफ्रीका ए के खिलाफ बैक-टू-बैक शतक रहा साथ ही ये उनके फर्स्ट क्लास क्रिकेट करियर का 5वां शतक रहा। साउथ अफ्रीका के खिलाफ 2 मैचों की टेस्ट से पहले ध्रुव का लय में आना टीम इंडिया के लिए काफी अच्छा संकेत है। भारत ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरी पारी में 7 विकेट पर 382 रन



बनाए और पारी की घोषणा कर दी। इसके साथ ही भारत की कुल बढ़त 416 रन की हो गई और साउथ अफ्रीका को जीत के लिए 417 रन का टारगेट मिला है।

### जुरेल का लगातार दूसरा शतक


दूसरे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में ध्रुव जुरेल ने अपना शतक 159 गेंदों पर पूरा किया। ध्रुव ने अपनी शतकीय पारी के दौरान 12 चौके लगो। ध्रुव ने दूसरी पारी में हर्ष दुबे के साथ मिलकर छठे विकेट के लिए 250 गेंदों पर 184 रन की शानदार साझेदारी की। हर्ष दुबे ने भी टीम के लिए अच्छी पारी खेली और उन्होंने 116 गेंदों पर 84 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से एक छक्का और 12 चौके निकले।

### पंत ने 48 गेंदों पर पूरा किया अर्धशतक

दूसरी पारी में ध्रुव जुरेल ने 170 गेंदों पर एक छक्का और 15 चौकों की मदद से नाबाद 127 रन की पारी खेली। वहीं मैच के तीसरे दिन दूसरी पारी में कप्तान ऋषभ पंत पहले रिटायर हर्ट हो गए, लेकिन इसके बाद वो बैटिंग के लिए मैदान पर आए और अपना अर्धशतक सिर्फ 48 गेंदों पर छक्के के साथ पूरा किया और दूसरी पारी में उन्होंने 54 गेंदों पर 4 छक्के और 5 चौकों की मदद से 65 रन की तेज पारी खेली।

### सुल्तान अजलान शाह कप के लिए कप्तानी करेंगे संजय

**नई दिल्ली।** डिफेंडर संजय 31वें सुल्तान अजलान शाह कप में भारतीय पुरुष हॉकी टीम की कप्तानी करेंगे क्योंकि नियमित कप्तान हरमनप्रीत सिंह सहित कई सीनियर खिलाड़ियों को 23 से 30 नवंबर तक मलेशिया के इपोह में होने वाले प्रतिष्ठित आमंत्रण टूर्नामेंट के लिए आराम दिया गया है।



भारत की पहली पसंद के दोनों गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक और सूरज करकेरा को आराम दिया गया है। उनकी जगह पवन और मोहित होनेनहल्ली शशिकुमार को टीम में चुना गया है। नियमित कप्तान हरमनप्रीत सिंह, अनुभवी मिडफील्डर मनप्रीत सिंह और स्ट्राइकर मनदीप सिंह भी टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगे।

## एनएसडब्ल्यू ओपन के फाइनल में पहुंचीं रतिका, अब शाहीन से खिताबी मुकाबला



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी रतिका सुथांथरा सीलन ने सिडनी में खेले जा रहे एनएसडब्ल्यू ओपन में न्यूजीलैंड की छठी वरीयता प्राप्त एम्मा मर्सन पर सीधे गेम में जीत हासिल करके अपने चौथे पीएसए फाइनल में प्रवेश किया। पिछले सप्ताह नॉर्थ कोस्ट ओपन की सेमीफाइनलिस्ट रहीं दूसरी वरीयता प्राप्त रतिका ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए एम्मा को 32 मिनट में 11-9, 11-7, 11-6 से हराया।

विश्व रैंकिंग में 180वें स्थान पर काबिज तमिलनाडु की यह 24 वर्षीय खिलाड़ी इस चैलेंजर प्रतियोगिता के खिताब के लिए कनाडा की शीर्ष वरीयता प्राप्त इमान शाहीन से भिड़ेंगी। इस बीच स्प्रिंगफील्ड (अमेरिका) में पांचवीं वरीयता प्राप्त और दुनिया के 51वें नंबर के भारतीय खिलाड़ी वीर चोटरानी ने क्वार्टर फाइनल में मिस्र के दूसरे वरीय और दुनिया के 36वें नंबर के खिलाड़ी मोहम्मद एलशेरबिनी को 7-11, 12-10, 11-8, 5-1, 11-6 से हराकर सेंट जेम्स एक्सप्रेशन ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।

डब्ल्यूटीए फाइनल्स

## सबालेंका ने अनिसिमोवा को हराया अब रयबाकिना से खिताबी मुकाबला




एजेंसी ▶▶| रियाद

विश्व की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद सेमीफाइनल में अमांडा अनिसिमोवा को 6-3, 3-6, 6-3 से हराकर तीन साल में पहली बार डब्ल्यूटीए फाइनल्स के फाइनल में जगह बनाई। सबालेंका खिताबी मुकाबले में एलेना रयबाकिना से भिड़ेंगी, जिन्होंने पहली बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया है। विश्व में छठे नंबर की खिलाड़ी रयबाकिना ने एक अन्य सेमीफाइनल में 15 ऐस के दम पर विश्व की पांचवें नंबर की खिलाड़ी जेसिका पेगुला को 4-6, 6-4, 6-3 से हराया। सबालेंका को चौथे नंबर की अनिसिमोवा ने कड़ी टक्कर दी। पहला सेट एक घंटे तक चला। अनिसिमोवा ने ब्रेक प्वाइंट के पांच मौके गंवाए और 24 अनफोर्स्ड एरर किए। लेकिन दूसरे सेट में उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया और तीन बार सबालेंका की सर्विस तोड़कर मुकाबले को निर्णायक सेट तक पहुंचाया।

### अहमद की फिरकी से दक्षिण अफ्रीका 143 रन पर सिमटा, पाकिस्तान ने वनडे श्रृंखला 2-1 से जीती

**फैसलाबाद (पाकिस्तान)।** लेग स्पिनर अबरार अहमद ने 27 रन देकर चार विकेट झटकते हुए करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी की जिससे पाकिस्तान ने शनिवार को तीसरे और अंतिम वनडे में दक्षिण अफ्रीका को सात विकेट से हराकर श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की। दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान दौरे पर सभी प्रारूप में लगातार सात टॉस गंवाने के बाद पहला टॉस जीता लेकिन पूरी टीम 37.5 ओवर में 143 रन पर सिमट गई। दक्षिण अफ्रीका ने अपने आखिरी आठ विकेट सिर्फ 37 रन पर गंवा दिए। सलामी बल्लेबाज सैम अयूब ने इसके बाद 11 चौके और एक छक्के की मदद से 77 रन की आक्रामक पारी खेली जिससे पाकिस्तान ने सिर्फ 25.1 ओवर में तीन विकेट पर 144 रन बनाकर श्रृंखला जीत ली।

## टोकियो डेफलिम्पिक्स के लिए भारत भेजेगा 111 सदस्यों का दल

**नई दिल्ली।** भारत 15 नवंबर से 26 दिसंबर तक टोकियो में होने वाले डेफलिम्पिक्स (बधिर ओलंपिक) के लिए 73 खिलाड़ियों सहित 111 सदस्यों का अपना अब तक का सबसे बड़ा दल भेजेगा। भारतीय खिलाड़ी 11 खेल एथलेटिक्स, बैडमिंटन, गोल्फ, जूडो, कराटे, निशानेबाजी, तैराकी, टेबल टेनिस, ताइक्वांडो, कुश्ती और टेनिस में भाग लेंगे। खेल मंत्रालय ने भारतीय दल को मंजूरी दे दी है। इसका खर्चा सरकार वहन करेगी। भारत मई 2022 में ब्राजील में आयोजित इस प्रतियोगिता में आठ स्वर्ण, एक रजत और सात कांस्य सहित 16 पदक जीतकर अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 77 प्रतिभागी देशों में नौवें स्थान पर रहा था। डेफलिम्पिक्स का आयोजन अंतरराष्ट्रीय बधिर खेल समिति (आईसीएसडी) की ओर से किया जाता है। यह समिति अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति से मान्यता प्राप्त है।




# भारत की महिला क्रिकेटरों का जलवा नई ऊंचाइयों पर पहुंची ब्रांड वैल्यू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत को महिला वनडे विश्व कप में पहली बार जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाली खिलाड़ियों का इसके बाद ब्रांड मूल्य भी आसमान छूने लग गया है और उनके पास पैसा कमाने का यह सबसे अच्छा मौका है।

स्मृति मंधाना, शैफाली वर्मा और जेमिमा रोड्रिग्स जैसी खिलाड़ियों के ब्रांड मूल्य में 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि होने की उम्मीद है, जो उन्हें संभालने वाली प्रबंधन फर्मों के अनुसार व्यक्तिगत रूप से एक करोड़ से अधिक के विज्ञापन सौदों में तब्दील हो जाएगा। इन खिलाड़ियों को अपने विज्ञापन का चेहरा बनाने के लिए कतार में लगे ब्रांडों में ऑटोमोबाइल कंपनियों से लेकर बैंक और एफएमसीजी तक शामिल हो सकते हैं। इसके अलावा खेल सामग्री, जीवनशैली, सौंदर्य और व्यक्तिगत देखभाल और शिक्षा निगमों के साथ भी सौदे होने की उम्मीद है।



मंधाना, ऋचा घोष और राधा यादव का प्रबंधन करने वाली बेसलाइन वेंचर्स के एमडी और सह-संस्थापक तुहिन मिश्रा तथा शेफाली और जेमिमा का प्रबंधन करने वाले जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी करण यादव दोनों महिला क्रिकेटरों के भविष्य के बारे में उत्साहित थे।

यिंग ने 17 बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर खिताब जीते और 12 टूर्नामेंट में रहीं उपविजेता

# बैडमिंटन की दिग्गज ताई जु ने हमेशा के लिए छोड़ा कोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टोकियो ओलंपिक की रजत पदक विजेता और चीनी ताइपे की महिला बैडमिंटन की दिग्गज खिलाड़ी ताई जु यिंग ने खेल से संन्यास ले लिया है, जिसके साथ उनके शानदार करियर का अंत हो गया है, जिसमें उन्होंने 17 बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर खिताब जीते और 12 टूर्नामेंट में उपविजेता रहीं।

अपनी कलात्मकता और कलाई के जादू के लिए मशहूर 31 वर्षीय शटलर ने कहा कि लगातार चोटिल होने के कारण उन्हें संन्यास का फैसला करना पड़ा। उन्होंने अपना आखिरी बीडब्ल्यूएफ खिताब 2024 में इंडिया ओपन में जीता था।

### एक खूबसूरत अध्याय समाप्त



ताई जु ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा, 'एक खूबसूरत अध्याय समाप्त हो गया है। बैडमिंटन, आपने मुझे जो कुछ भी दिया है, उसके लिए आभार।' उन्होंने कहा,'आखिरकार मेरी चोटों ने मुझे कोर्ट छोड़ने पर मजबूर कर दिया। मैं अपने करियर का अंत उस तरह नहीं कर पाई जैसा मैंने सोचा था और मुझे यह बात स्वीकार करने में थोड़ा समय लगा।'' दक्षिणी ताइवान के शहर काऊशुंग में जन्मी ताई जु पिछले साल से चोटों से जूझ रही थी और अंतरराष्ट्रीय सर्किट पर वापसी नहीं कर पाई। विश्व चैंपियनशिप दो बार की पदक विजेता ने कहा कि फिलहाल उनका ध्यान कुछ समय शांति के साथ बिताने पर है। उन्होंने लिखा, 'मैंने अभी तक यह तय नहीं किया है कि मैं आगे क्या करूंगी, लेकिन फिलहाल मैं अलार्म घड़ियों के बिना जीवन का आनंद लेने जा रही हूं।'

### सिंधू ने लिखा मार्मिक संदेश

भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने ताई जु को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए एक्स पर एक मार्मिक संदेश लिखा। सिंधू ने कहा, 'पंद्रह वर्षों से अधिक समय तक आप मेरी ऐसी प्रतिद्वंद्वी रही, जिन्होंने मुझे हर बार मेरी सीमा तक धकेला। मेरे जीवन के दो सबसे महत्वपूर्ण पदक रियो 2016 ओलंपिक में रजत और 2019 विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण मैंने आपके साथ उन मैराथन और सांस थाम देने वाले मुकाबलों के बाद हासिल किए।'

### चालाकी भरा खेल और शांत प्रतिभा ने किया प्रभावित : सिंधू

सिंधू ने लिखा, 'मैं इस बात नहीं छिपाऊंगी, मुझे आपके साथ खेलना बिल्कुल पसंद नहीं था। आपकी कलाई की कला, आपका चालाकी भरा खेल, आपकी शांत प्रतिभा ने मुझे उससे भी ज़्यादा गहराई तक जाने के लिए प्रेरित किया, जितना मैंने कभी सोचा भी नहीं था। आपका सामना करने से एक खिलाड़ी के रूप में मैं बदल गई।' भारतीय खिलाड़ी ने कहा, 'लेकिन प्रतिद्वंद्विता से परे हमारे बीच अच्छी दोस्ती और एक दूसरे के प्रति सम्मान था। आपके संन्यास लेने से ऐसा लग रहा है जैसे मैंने अपने सफर का एक हिस्सा खो दिया हो। खेल को और मुझे आपके जादू की कमी खलेगी। मुझे अब यह एहसास होने लगा है कि मेरी पीढ़ी के खिलाड़ी धीरे-धीरे खेल को अलविदा कहने लगे हैं और कोई भी चीज आपको इसके लिए तैयार नहीं करती।'

